तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, बुधवार, 23 जुलाई 2025


10 इंडस स्कूल में राष्ट्रीय मैंगों-डे हर्षोल्लास के साथ मनाया



10 आईटीआई में तीसरी कट ऑफ लिस्ट जारी



## खबर संक्षेप

### बस की चपेट मे आने से लड़की घायल, केस दर्ज

**जींद।** पुराना बस अड्डा के निकट बस की चपेट में आने से युवती घायल हो गई। शहर थाना नरवाना पुलिस ने शिकायत के आधार अज्ञात बस चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव फुलिया कलां निवासी सिमरन ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह पुराना बस अड्डा नरवाना पर खड़ी हुई थी। उसी दौरान तेज रफ्तार बस ने उसे साइड मार दी।

### ट्रक की चपेट में आने से एक युवक घायल

**कैथल।** ढांड कस्बे में सोमवार देर रात हादसे में एसबीआई बैंक के सामने युवक की सामने से आ रहे ट्रक चालक ने टक्कर मार दी। इस हादसे में अभिषेक नाम का युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मामले की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया और मामले की जांच शुरू कर दी है।

### रंजिशन हमला करने पर दो के खिलाफ केस

**जींद।** गांव दनौदा कलां में रंजिशन हमला कर व्यक्ति को घायल पर करने पर सदर थाना नरवाना पुलिस ने दो युवकों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव दनौदा कलां निवासी प्रताप ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उससे गांव के ही मलकीत तथा दीपड़ रंजिश रखे हुए हैं। उसी रंजिश के चलते दोनों ने उस पर हमला कर दिया। जिसमें काफी चोटें आई।

### प्रताड़ना के आरोप में पति व सास नामजद

**कैथल।** थाना सीवन पुलिस ने दहेज प्रताड़ना का एक मामला दर्ज किया है। गांव प्रभोत की एक विवाहिता ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि उसकी शादी कुछ समय पुर गांव जसवंती के उधम सिंह के साथ हुई थी। शादी के समय दिए गए दहेज से वर पक्ष के लोग संतुष्ट नहीं थे तथा और अधिक तेज की मांग को लेकर उसे मारपीट करते थे।

### पत्नी से मारपीट करने पर पति नामजद

**जींद।** गांव अकालगढ़ में पत्नी के साथ मारपीट करने पर जुलाना थाना पुलिस ने पति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। अकालगढ़ निवासी कृष्णा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी उसके पति सुनील के साथ कहासुनी हो गई थी। जिस पर उसके पति ने उसकी बेरहमी से पिटाई की।

### दुकान से हजारों का सामान चुराया

**कैथल।** गांव भागल से चोर एक दुकान से हजारों रुपए का सामान चुरा कर ले गए। गांव भागल के बारू राम ने चीका पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 21 जुलाई को चोर उसकी दुकान में घुसकर वहां पर रखा 12800 का सामान चुरा कर ले गए। मामले के जांच अधिकारी हेड कांस्टेबल लखविंदर सिंह ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### खेत से सोलर उपकरण चोरी मामला दर्ज

**जींद।** गांव दुडाना खेत से सोलर स्टार्टर गायब होने पर अलेवा थाना पुलिस ने शिकायत के आधार अज्ञात लोगों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज किया है। गांव दुडाना निवासी बलिहार सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने खेत में सोलर पैनल लगाया हुआ है। बीती रात चोरों ने सोलर पैनल के स्टार्टर को चोरी कर लिया।

### मारपीट में दो दोस्त घायल

**कैथल।** कैथल शहर के अंबेडकर चौक पर हुई मारपीट में दो दोस्त घायल हो गए। उन्हें अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। शहर पुलिस को दी शिकायत में माता गेट कैथल के अमन कालडा ने आरोप लगाया है कि 10 जुलाई को जब वह दोस्त अंकित के साथ अंबेडकर चौक कैथल से जा रहा था।

---

### 26 व 27 जुलाई को आयोजित होने वाली सीईटी की परीक्षा के लिए अधिकारी सभी तैयारियां पूरी रखें

# परीक्षा नकल रहित-शांतिपूर्ण रूप से संपन्न करवाने के निर्देश

## परीक्षा केंद्रों व स्ट्रांग रूम के बाहर हो सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

कोई भी अधिकारी व कर्मचारी छुट्टी पर नहीं रहेगा,दोनों दिन उपस्थित रहना सुनिश्चित करेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

डीसी प्रीति ने कहा कि आगामी 26 व 27 जुलाई को आयोजित होने वाली सीईटी की परीक्षा के लिए अधिकारी सभी तैयारियां पूरी रखें। परीक्षार्थियों के लिए सुगम एवं सुरक्षित परिवहन की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। सुनिश्चित करें कि सभी परीक्षार्थी परीक्षा केंद्र पर समय से पहुंच जाएं। बच्चों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े और वे शांत भाव से परीक्षा दें। परीक्षा केंद्रों व स्ट्रांग रूम के बाहर सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध सुनिश्चित किए जाएं। सभी अधिकारी अलर्ट मोड में काम करते परीक्षा को नकल रहित, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण रूप से संपन्न करवाएं। इस परीक्षा को एक पर्व के रूप में लें। कोई भी अधिकारी व कर्मचारी छुट्टी पर नहीं रहेगा और दोनों दिन मुख्यालय पर उपस्थित रहना सुनिश्चित करेंगे। डीसी प्रीति मंगलवार को लघु सचिवालय के वीडियो कांफ्रेंस रूम में परीक्षा की तैयारियों को लेकर संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दे रहीं थीं। इससे पहले मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने वीसी के माध्यम से तैयारियों की समीक्षा की और आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए। डीसी प्रीति ने बताया कि सीईटी परीक्षा को समुचित रूप से संपन्न करवाने के लिए तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। कर्मचारी चयन आयोग की गाइडलाइन का पालन किया जा रहा है। जींद जिला के अभ्यर्थियों की कैथल जिला में परीक्षा होगी। इन परीक्षार्थियों को उनके सेंटर तक पहुंचाने के लिए आगे बसों की व्यवस्था की गई है। वहीं कैथल से बाहरी जिलों (पंचकूला व चंडीगढ़) में जाने वाले परीक्षार्थियों को सुगम यात्रा उपलब्ध करवाने के लिए पर्याप्त बसों की व्यवस्था की गई है। डीसी प्रीति ने बताया कि कैथल जिला वासियों के परीक्षा केंद्र पंचकूला व चंडीगढ़ में बनाए गए हैं। परीक्षार्थियों को ले जाने व वापस लाने के लिए स्पेशल बसों की व्यवस्था की गई है। जिले को 10 क्लस्टर में बांटा गया है। इसमें पूंडरी, ढांड, कैथल, राजौंद, कलायत, चीका, कसान, सांघन, सीवन तथा पाई शामिल हैं। जहां से 26 जुलाई को सुबह 3 बजे से बसें पंचकूला व चंडीगढ़ के लिए रवाना होनी शुरू हो जाएंगी। परीक्षार्थी समय पर संबंधित बस स्टॉप पर पहुंचे, ताकि सीट मिलने में कोई परेशानी न हो।



कैथल। डीसी प्रीति अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते। फोटो :हरिभूमि

#### सरकार ने जारी किया ये आदेश

बस स्टैंड पर की जाए व्यवस्थाः डीसी प्रीति ने रोडवेज महाप्रबंधक को निर्देश दिए कि बस स्टैंड पर लाउड स्पीकर, पेयजल, शौचालय, परीक्षार्थियों के लिए काउंटर तथा कुछ परीक्षार्थियों के ठहरने की भी व्यवस्था की जाए। जिला मुख्यालय पर कंट्रोल रूम किया स्थापितः डीसी प्रीति ने बताया कि जिला सचिवालय के द्वितीय तल स्थित कमरा नंबर 324 को कंट्रोल रूम बनाया गया है। परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए तीन हेल्पलाइन नंबर जारी किए गए हैं। टोल फ्री नंबर 1800-180-132, 01746-298928 तथा 01746-294040 पर कॉल करके परीक्षा से संबंधित जानकारी ले सकते हैं।

#### कैथल में बनाए 33 परीक्षा केंद्र

डीसी प्रीति ने बताया कि जिला कैथल में 33 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जहां करीब 34 हजार परीक्षार्थियों परीक्षा देंगे। यह परीक्षा दो-दो शिफ्टों में प्रातः कालीन व सायं कालीन सत्र में करवाई जाएगी। इन सभी केंद्रों पर कड़ी पुलिस सुरक्षा रहेगी। कोई भी स्टाफ सदस्य और परीक्षार्थी परीक्षा केंद्र के अंदर मोबाइल या अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामान लेकर नहीं जाएगा। किसी भी प्रकार की नकल व अन्य अवांछित गतिविधियों को रोकने के लिए परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों सहित तमाम सुरक्षा उपाय किए जा रहे हैं।

#### सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

एसपी आस्था मोदी ने पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि परीक्षा केंद्रों के साथ साथ जहां पर पेपर रखें जाएंगे वहां पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे। सीसीटीवी के साथ साथ पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा। परीक्षा के आसपास लोगों को एकत्रित नहीं होने दिया जाएगा और साथ में पेट्रोलिंग भी की जाएगी।

#### डीसी ने की परीक्षार्थियों व आमजन से अपील

डीसी प्रीति ने परीक्षार्थियों से अपील की है कि वे आभूषण आदि पहनकर परीक्षा केंद्रों पर न आएं, ताकि आपको कोई असुविधा न हो। सभी परीक्षार्थी हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग द्वारा जारी की गई हिदायतों की पालना करें। आमजन भी 26 व 27 को सहयोग करें और अगर ज्यादा जरूरी न हो तो यात्रा करने से बचें।

#### बैठक में ये अधिकारी रहे मौजूद

बैठक में एसपी आस्था मोदी, एडीसी दीपक बाबूलाल करवा, आरटीए गिरीश कुमार, सीईओ जिला परिषद सुरेश राविश, सीटीएम गुरविंद्र सिंह, डीएसपी सुशील प्रकाश, रोडवेज जीएम कमलजीत सिंह, डीआईओ दीपक खुराना सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।



जींद। वीसी में भाग लेते डीसी व अन्य अधिकारी। फोटो :हरिभूमि

### जींद से 52010 जाएंगे, 48558 जिले में परीक्षा देने के लिए आएंगे परीक्षार्थी

**जींद।** डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि सीईटी परीक्षा के दृष्टिगत की जाने वाली सभी व्यवस्थाएं समय रहते पूरा करें। परीक्षा को लेकर परीक्षार्थियों को किसी भी परेशानी नहीं होनी चाहिए। सभी परीक्षा केंद्रों पर तय मापदंडों अनुसार सभी सुविधाएं होनी चाहिए। सुरक्षा को लेकर सीसी टीवी कैमरों एवं वीडियोग्राफी सुचारू रूप से करवाना सुनिश्चित करें। परीक्षा में जिन भी अधिकारियों व कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाएगी वह पूरी जिम्मेदारी व गंभीरता से कार्य करें। डीसी मोहम्मद इमरान रजा सीईटी परीक्षा को लेकर मंगलवार को स्थानीय लघु सचिवालय में अधिकारियों की बैठक ले रहे थे। इससे पहले मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक लेकर जिला उपायुक्तों को सीईटी परीक्षा के सफल संचालन हेतु आवश्यक दिशा- निर्देश दिए। डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि जींद जिला से कुल 52010 परीक्षार्थी परीक्षा देने के लिए दूसरे जिले में जाएंगे। परीक्षार्थियों के लिए बसों की उचित व्यवस्था हो, इसी प्रकार दूसरे जिलों से 48558 परीक्षार्थी जिला में परीक्षा देने के लिए आएंगे। उनके लिए परीक्षा केंद्र तक पहुंचाने के लिए बसों की व्यवस्था का एक रूट तैयार किया जाए ताकि सभी परीक्षार्थी समय पर परीक्षा केंद्रों में पहुंच सकें। जिला में जितने भी दिव्यांग परीक्षार्थी है उन्हें उनकी सहमति से परीक्षा केंद्र तक लाने की व्यवस्था हो। परीक्षा के दिन सभी कोचिंग सेंटर बंद रहेंगे। इसके साथ-साथ परीक्षा केंद्रों के नजदीक फोटो स्टेट की दुकानें भी बंद होगी। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि सभी 49 परीक्षा केंद्रों का दौरा करके मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करवाएं। अगर कोई परीक्षार्थी एक दिन पहले आता है तो उसके ठहरने की व्यवस्था धर्मशाला, बस अड्डा आदि पर करवाई जाए।

---

### शिवरात्रि पर्व आज...



शिवरात्रि पर्व को लेकर जयंती देवी मंदिर में शिवलिंग पर किया गया श्रृंगार।

---

# सीएम फ्लाइंग ने रेड कर पकड़ी प्लास्टिक दाना बनाने की फैक्टरी

- पॉल्यूशन विभाग ने बिना अनुमति के फैक्टरी चलाने पर मालिक को जारी किया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सीएम फ्लाइंग तथा पॉल्यूशन विभाग ने रघुनगर में छापेमारी कर बिना पॉल्यूशन विभाग की अनुमति के प्लास्टिक दाना बनाने की फैक्टरी को पकड़ा है। बैटरियों की स्क्रैप से प्लास्टिक दाना बनाया जा रहा था। फैक्टरी में नियमों को भी ताक में रखा जा रहा था। मौके पर दस टन बैटरी स्क्रैप भी पाई गई। दस्तावेज न पाए जाने पर पॉल्यूशन विभाग ने फैक्टरी मालिक को नोटिस जारी किया है। आगामी कार्रवाई पॉल्यूशन विभाग द्वारा अमल में लाई जाएगी। सीएम फ्लाइंग को सूचना मिली थी कि रोहतक रोड के रघु नगर में पुरानी बैटरियों के स्क्रेप से नियमों को ताक में रख कर प्लास्टिक दाना बनाया जा रहा है। जिससे वातावरण दुषित हो रहा है। सूचना के आधार पर सीएम फ्लाइंग के सब इंसपेक्टर विजेंद्र के नेतृत्व में छापामार टीम का गठन किया गया। जिसमें सब इंसपेक्टर पवन, चरण सिंह तथा कर्मबीर को शामिल किया गया। जबकि पॉल्यूशन विभाग के विशेषज्ञ डा. अनिल भी स्टाफ के साथ शामिल हुए। टीम ने जब फैक्टरी में दस्तक देकर पॉल्यूशन विभाग की अनुमति व अन्य दस्तावेज मांगे। जिस पर फैक्टरी मालिक उन्हें दिखाने में नाकाम रहा। फैक्टरी में नियमों को भी ताक में रखा जा रहा था। बैटरियों की स्क्रेप का गलाने के कैमिकल का प्रयोग किया जा रहा था। मजदूर सुरक्षा की भी अनदेखी पाई गई। पानी को साफ रखने तथा आग से निपटने या विभाग से अनुमति नही पाई गई। जिस पर पॉल्यूशन विभाग ने फैक्टरी मालिक को नोटिस जारी किया है।



जींद। फैक्टरी में फैली गंदगी। फोटो :हरिभूमि

#### सरकार ने जारी किया ये आदेश

सीएम फ्लाइंग ने छापेमारी की विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर मुख्यालय को भेज दी। आगामी कार्रवाई पॉल्यूशन विभाग द्वारा अमल मे लाई जाएगी। सीएम फ्लाइंग के डीएसपी पवन कुमार ने बताया कि फैक्टरी नियमों को ताक में रख कर चल रही थी। पॉल्यूशन विभाग द्वारा फैक्टरी मालिक को नोटिस जारी किया गया है। आगामी कार्रवाई पॉल्यूशन विभाग अमल में लाएगा।

---

# 8.45 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने का आरोपी किया गिरफ्तार

- ऑनलाइन टास्क देकर राशि को हड़पने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

साइबर थाना पुलिस ने दुकानदार को ऑनलाइन टास्क दे धोखाधड़ी कर आठ लाख 45 हजार 493 रुपये हडपने के एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपित से पूछता छ कर रही है। भारत नगर निवासी सुनील ने गत 16 मई को पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि वह परचून की दुकान चलाता है। गत 23 जनवरी को उसके टेलीग्राम अकाउंट पर संदेश आया। जिसमें बताया गया कि गुगल मैप से सस्थानों की रेटिंग देनी है। जिसके बदले में रुपये दिए जाएंगें। जिसका उसे लिंक भेजा गया। जिसके क्लिक करते ही पोर्टल खुल गया। जिसमें उसने अपनी डिटेल भर दी। शुरूआत में ट्रायल बेस पर टास्क पूरा करने पर उसके खाते में अच्छा क्रेडिट दिया। जिसके बाद उसे निवेश में और ज्यादा मुनाफे की बात कही गई। उसने 23 जनवरी से 33 हजार 552 रुपये का निवेश शुरू किया। जो तीन मार्च तक जारी रहा। वह आठ लाख 45 हजार 493 रुपये का निवेश कर चुका था। जब उसने राशि निकालने की कोशिश की तो उसे और राशि डालने के लिए कहा गया। उसकी राशि देने की बजाय डिमांड बढ़ती चली गई। जिस पर उसे ठगी का अहसास हुआ। साइबर थाना पुलिस ने सुनील की शिकायत पर अज्ञात लोगों के खिलाफ धोखाधडी का मामला दर्ज किया था। पुलिस जांच में कृष्णा नगर ग्वालियर निवासी कुनाल तोमर का नाम सामने आया। साइबर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए कुनाल को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है।

---

# गांव देवरड़ की पंचायती भूमि का मेरी फसल मेरा ब्यौरा का रजिस्ट्रेशन नहीं होने से ग्रामीण परेशान

- ग्रामीण व पंचायत परेशान, एसडीएम को दी शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जुलाना

देवरड़ गांव की पंचायती जमीन का मेरी फसल मेरा ब्यौरा का रजिस्ट्रेशन नहीं होने के कारण ग्रामीण व पंचायत परेशान है। समस्या का समाधान के लिए ग्रामीण व सरपंच प्रतिनिधि एसडीएम, कृषि विभाग कार्यालय व मार्केट कमेटी कार्यालय में पहुंचे। सरपंच प्रतिनिधि सोनू, संदीप, बबलू, राकेश ने बताया कि देवरड़ गांव में करीब 15 एकड़ जमीन जो कृषि योग्य है पंचायत के पास है। यह जमीन हर वर्ष पट्टे पर दी जाती है। इस पंचायती जमीन का मेरी फसल मेरा ब्यौरा में ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन नहीं होता है। ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन के बिना फसल मंडी में बेचना मुश्किल हो जाता है। गेहूं की फसल तो बिना ऑनलाइन के बिकती नहीं है। अगर प्राइवेट बेचे तो एमएसपी के रेट से कम बेचनी पड़ती है। कोई भी फसल बिना मेरी फसल मेरा ब्यौरा में रजिस्ट्रेशन के मंडी में एमएसपी रेट भी नहीं बिकती है। इसके कारण पट्टे पर जमीन लेने वालों के लिए फसल बेचना सिरदर्द बन जाती है। सरपंच प्रतिनिधि सोनू ने बताया कि पंचायती जमीन संदीप, बबलू, कालवा व राकेश को पट्टे पर प चायत ने दे रखी है। काफी वर्षों से पंचायती जमीन का मेरी फसल मेरा ब्यौरा में रजिस्ट्रेशन नहीं होता है। जिसमें चलते किसान परेशान हैं किसानों को उनकी फसल बिना एमएसपी के प्राइवेट कम दामों पर बेचनी पड़ती है। बिना रजिस्ट्रेशन के भूमि पट्टे पर कम दामों पर जाती है। इसकी शिकायत उन्होंने जुलाना पहुंचे मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को भी दी थी।

#### जल्द किया जाएगा समस्या का हल

मंगलवार को किसानों के साथ वह एसडीएम होशियार सिंह, कृषि अधिकारी सूरजमल व मार्केट कमेटी कार्यालय में सचिव को दी है। कृषि अधिकारी ने कहा कि यह मामला तहसील का है। वहीं से समाधान होगा। बार-बार शिकायत देने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हो रहा है। एसडीएम ने उन्हें आश्वासन दिया है कि जल्द ही समस्या का समाधान हो जाएगा शिकायत को मार्ककर तहसीलदार को भेज दिया गया है।

---

### 200 बैड के अस्पताल में स्पेशलिस्ट चिकित्सकों की कमी

# 18 में से सात नए चिकित्सकों ने किया ज्वॉयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल को चिकित्सकों की भर्ती से 18 चिकित्सक मिले थे। पिछले दो दिनों से अस्पताल में चिकित्सकों की मेडिकल प्रक्रिया करवाई जा रही है। अबतक सात चिकित्सकों ने अपनी मेडिकल प्रक्रिया को पूरा करते हुए ज्वायन कर लिया है। सभी नए चिकित्सकों को अस्पताल में ही ज्वायन करवाया गया है। जिसके चलते मरीजों को उपचार की और बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी। फिलहाल 11 चिकित्सकों के ज्वायन करने का इंतजार किया जा रहा है। प्रदेशभर में कुल 137 एमओ को अपॉयमेंट लेटर जारी किए गए हैं। जिनमें से जींद के लिए 18 एमओ है। सरकार द्वारा 18 डॉक्टरों की नियुक्ति से जिले के लोगों को उम्मीद बंधी है कि इससे डॉक्टरों की कमी की समस्या का काफी हद तक समाधान हो जाएगा और उन्हें उपचार की बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी। जींद अस्पताल की बात की जाए तो यहां 55 पद चिकित्सकों के लिए हैं लेकिन 27 ही कार्यरत हैं। चिकित्सकों की कमी के चलते सुबह होते ही अस्पताल में कमरों के बाहर लंबी-लंबी लाइनें लग जाती हैं और घंटों इंतजार के बाद उपचार मिलता है। इसके बाद दवा लेने के लिए भी लाइनों में लगना पड़ता है। ऐसे में सात चिकित्सकों के ज्वायन करने से अब कुछ हद तक लोगों क परेशानी दूर होगी। उम्मीद है कि अन्य चिकित्सक भी अपनी मेडिकल प्रक्रिया को पूरा करते हुए जल्द ज्वायन कर लेंगे। जिला मुख्यालय पर 200 बैड का अस्पताल बना हुआ है। वहीं, सफीदों, नरवाना तथा उचाना सब डिविजन पर 100-100 बैड के अस्पताल हैं। उधर, जुलाना, पिल्लूखेडा, अलेवा, उझाना समेत आठ स्थानों पर सीएचसी बनाई गई है। वहीं जिले में 26 पीएचसी बनाई गई हैं और 185 हैल्थ सैंटर बनाए गए है। जिन पर लोगों को नजदीक स्वास्थय सेवा उपलब्ध करवाने का जिम्मा है।




#### सात ने किया ज्वायन

सीएमओ डा. सुमन कोहली ने बताया कि सरकार ने जिला में कुल 18 डॉक्टरों की नियुक्ति की है। इनमें से अभी तक सात डॉक्टरों ने ही ज्वायन किया है। सभी की नियुक्ति अस्पताल में कर दी गई है।

---

# जींद शहरी क्षेत्र में अवैध कॉलोनी के विकास पर प्रशासन सख्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जींद के शहरी क्षेत्र में बिना आवश्यक स्वीकृतियों के अवैध रूप से कॉलोनी विकसित किए जाने का मामला सामने आया है। जिला नगर योजनाकार अंजू ने बताया कि बिना लाइसेंस, सीएलयू या विभागीय एनओसी के किसी भी कॉलोनी का विकास गैरकानूनी है और इस पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने बताया कि जांच के दौरान यह पाया गया कि जींद शहरी क्षेत्र के राजस्व एस्टेट किशनपुरा के खसरा नंबर 13//9,10, 11, 12, 13, 20 मिन, 21 मिन, 14//6 मिन, 15, 16 मिन, 25 मिन में अवैध निर्माण कार्य किया जा रहा है। प्रशासन की ओर से निर्देश जारी किए गए हैं कि इस खसरा नंबर में विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी में किसी भी प्रकार की रजिस्ट्री, बिक्री अनुबंध, पूर्ण भुगतान अनुबंध या पावर ऑफ अटॉर्नी जारी न की जाए। प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी अवैध कॉलोनी में भूखंड खरीदने से पहले उसकी पूरी जांच पड़ताल अवश्य कर लें, अन्यथा उन्हें आर्थिक नुकसान झेलना पड़ सकता है।

## खबर संक्षेप

### संदिग्ध हालात में कमरे में मिला साधु का शव

**जींद।** हाट रोड रजबाह के निकट कमरे में रह रहे साधु की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। आशंका जताई जा रही है कि साधु मौत शराब पीने से हुई है। सदर थाना सफीदों पुलिस मामले की जांच की कर रही है। हाट रोड रजबाहा के निकट गांव कुरड़ की तरफ जाने वाले रास्ते पर पीर मजार पर बने कमरे में पिछले कुछ समय से साधु रह रहा था। मंगलवार को सुबह कमरे में मृत पाया गया।

### अभियान के तहत रोपित किए पौधे

**जींद।** भारत सरकार के पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की मुहिम व एक पेड मां के नाम अभियान के अंतर्गत मंगलवार को पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय खुंगा कोठी के प्रांगण में इको क्लब फॉर मिशन लाइफ 2.0 के तहत फलदार पौधे प्राचार्य डीआर शर्मा के मार्ग दर्शन में स्कूल स्टाफ व छात्रों द्वारा लगाए गए। प्राचार्य ने बताया कि मुहिम के अनुसार पूरे देश में पौधा रोपण के लिए पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालयों का चयन किया गया है।

### निजी अस्पताल संचालिका के खिलाफ मामला दर्ज

**जींद।** शहर थाना पुलिस ने शहर के निजी अस्पताल की संचालिका के खिलाफ मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेगनेंसी एक्ट 1971 के तहत मामला दर्ज किया है। डिप्टी सिविल सर्जन डा. अरविंद ने शहर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि मुख्यालय से मिली सूची के आधार पर कार्रवाई करते हुए स्वास्थ्य विभाग की टीम सोमवार को शहर के निजी अस्पताल में पहुंची थी।

### हरियाणा तीज महोत्सव कार्यक्रम 26 को: बंसल

**नरवाना।** अग्रोहा महिला मंडल द्वारा आगामी 26 जुलाई को आयोजित होने वाले हरियाणा तीज महोत्सव की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। कार्यक्रम को लेकर समाज में भारी उत्साह है। यह रंगारंग उत्सव 26 जुलाई शनिवार को शाम 3 बजे से 5:30 बजे तक सालविया रेस्टोरेंट में आयोजित किया जाएगा।

### कंडम घोषित कामकाजी महिला आवास में चोरी

**जींद।** सफीदों गेट के निकट कंडम घोषित कामकाजी महिला आवास की इमारत में रखी लगभग तीस लाख कीमत की फिजियोथैरपी की मशीनें, जिम का सामान समेत अन्य सामान गायब हो गया। शहर थाना पुलिस रेडक्रॉस सह सचिव की शिकायत पर चोरी का केस दर्ज किया है। रैडक्रॉस के सहसचिव रवि हुड्डा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि सफीदों गेट के निकट सफीदों रोड पर कामकाजी महिला आवास का संचालन रैडक्रॉस द्वारा किया रहा था।

### विभाजन विभीषिका दिवस चौदह को मनाया जाएगा

**नरवाना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा भारत देश की आजादी में अहम भूमिका निभाने वाले बुजुर्गो की याद में 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका दिवस के रूप में मनाया जायेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा भारत देश की आजादी में अहम भूमिका निभाने वाले बुजुर्गो को जिन परिवारों ने आजादी की लड़ाई में बंटवारे के वक्त अपनों को खो दिया पर अपने धर्म पर अडिग रहे।

### राष्ट्रीय एकता पुरस्कार के लिए आवेदन 31 तक

**जींद।** भारत सरकार ने देश की एकता और अखंडता के क्षेत्र में अनुकरणीय योगदान देने वाले नागरिकोंए संस्थाओं और संगठनों को सम्मानित करने के लिए सरदार पटेल राष्ट्रीय एकता पुरस्कार 2025 के लिए नामांकन प्रक्रिया आरंभ कर दी है। यह पुरस्कार भारत के प्रथम गृह मंत्री लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की स्मृति में स्थापित किया गया है।

### यातायात के नियमों के बारे जानकारी दी

**नरवाना।** मंगलवार को नरवाना के कर्मगढ गांव में राजकीय उच्च विद्यालय में बच्चों को यातायात नियमों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई और यातायात के नियमों का पालन करने के बारे में समझाया और बताया कि यातायात के नियमों को पालन करके अपनी और अपने मिलने वालों की जीवन की रक्षा की जा सकती है।

## बरसात के मौसम में खाने-पीने का ध्यान रखें: गुरमीत

# इंडस स्कूल में राष्ट्रीय मैंगो-डे हर्षोल्लास के साथ मनाया

### छोटे-छोटे बच्चों को पीले और हरे रंग की पहचान करवाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जींद





जींद। कार्यक्रम में भाग लेते बच्चे। फोटो :हरिभूमि

इंडस पब्लिक स्कूल जूनियर विंग में मंगलवार को राष्ट्रीय मैंगो डे को बच्चों ने उत्साह व हर्षोल्लास के साथ मनाया। कक्षा नर्सरी के विद्यार्थी पीले और हरे रंग के वस्त्र पहने हुए बहुत ही आकर्षक लग रहे थे। कक्षा नर्सरी से यूकेजी तक के विद्यार्थियों ने मैंगो थीम पर आधारित विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया। जिसमें उन्हें पीले और हरे रंग की पहचान करवाई गई। बच्चों ने फलों से संबंधित विभिन्न गीतों पर खूब मस्ती भी की। कक्षा द्वितीय के विद्यार्थियों के लिए मैंगो डे पर स्पेशल असेंबली का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने आम पर तरह-तरह की कविता प्रस्तुत की और बच्चों को आम की विभिन्न किस्मों के बारे में बताया गया साथ ही यह भी बताया गया कि आम भारत का राष्ट्रीय फल है। इसे फलों का राजा कहा जाता है। आम विटामिन ए, सी से भरपूर होता है, जो स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है और बच्चों को आम से बनने वाले विभिन्न व्यंजनों के बारे में भी बताया गया। जैसे मैंगो शेक, मैंगो स्मूदी, मैंगो जैम, आमरस, आम की कुल्फी, आम की खीर, आम का पन्ना, आम का सैंडविच, आम का हलवा आदि रहा। अंत में 'मुख्यअध्यापिका गुरमीत कौर ने बताया कि आम स्वादिष्ट होने के साथ-साथ हमारे स्वास्थ्य के लिए लाभदायक होता है और हमें बरसात के मौसम में खाने-पीने का ध्यान रखना चाहिए ताकि हम स्वस्थ रहें।

# आधारशिला में मनाया मैंगो-डे

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जींद




जींद। मैंगो डे मनाते हुए बच्चे। फोटो :हरिभूमि

आधारशिला पब्लिक स्कूल में कक्षा एलकेजी से पांचवीं तक के सभी विद्यार्थियों ने मैंगो डे बहुत धूमधाम से मनाया। अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ऋतु, रंग, फल व आम के फलों का राजा होने की विशेषताओं से बच्चों को परिचित करवाना था। कार्यक्रम का शुभारंभ निदेशिका अंजू सिहाग व प्रधानाचार्य सतवीर सिंह गहलावत द्वारा किया गया। आम को खास बनाने की प्रक्रिया में छोटे-छोटे बच्चों ने विभिन्न गीतों, कविताओं व प्रस्तुतियों द्वारा सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर सभी बच्चे पीले परिधानों में आए। सभी बच्चों के टिफिन में आम, पीले फल, आम की चटनी, आचार, आमरस, आम पापड़ व अनेक प्रकार के व्यंजन थे और उन्होंने उनका खूब मजा लिया। प्रधानाचार्य ने अपने संबोधन में आम की खुबसूरती व इसके पोषक तत्वों की विशेषताओं के बारे में सभी विद्यार्थियों को अवगत करवाया।



चांदपुर गांव में डेंगू से बचाव प्रति जागरूकता रैली निकालते स्कूली बच्चे व स्वास्थ्य कर्मचारी।

### विद्यार्थियों ने निकाली जागरूकता रैली

**अलेवा।** गांव चांदपुर के राजकीय मिडिल स्कूल के विद्यार्थियों ने डेंगू रोधी माह के तहत डेंगू से बचाव के लिए गांव में रैली निकाली। रैली का नेतृत्व मुख्याध्यापक केहर सिंह ने किया तथा मुख्य रूप से पीएचसी नगूरां से स्वास्थ्य निरीक्षक नरेंद्र ढांडा व पुष्पावती ने भाग लिया। इस दौरान स्कूली बच्चों ने बैनर तथा पंपलेट के माध्यम से लोगों को डेंगू के बचाव के प्रति जागरूक किया। स्वास्थ्य निरीक्षक ने लोगों को डेंगू के बचाव के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि डेंगू एक खतरनाक बीमारी है। जिसमें मनुष्य की जान भी जा सकती है। डेंगू से बचाव के लिए लोगों को अपने आसपास तथा घरों में नियमित रूप से सफाई का ध्यान रखना चाहिए। डेंगू का लारवा साफ पानी में पनपता है, इसलिए घर में जल स्रोतों को सप्ताह में एक बार जरूर साफ करके धुप में सुखाएं ताकि डेंगू का लारवा पूर्ण रूप से खत्म हो सके। डेंगू बुखार की जांच करवाए बिना लोगों को अपने आप किसी प्रकार की दवा का सेवन नहीं करना चाहिए।

### सीआरएसयू ने घोषित किया बीएड परीक्षा परिणाम

**जींद।** चौधरी रणबीर सिंह विवि जींद द्वारा बीएड प्रथम एवं द्वितीय वर्ष की परीक्षा के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। इस वर्ष कुल 17,993 विद्यार्थियों ने बीएड प्रथम वर्ष की परीक्षा में भाग लिया। जिनमें से लगभग 67 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण घोषित किए गए। वहीं बीएड द्वितीय वर्ष में 16,218 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। जिनमें से लगभग 82 प्रतिशत ने सफलता प्राप्त की है। यह परीक्षा विश्वविद्यालय से संबद्ध लगभग 127 शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थियों के लिए आयोजित की गई थी। राज्यभर के लगभग 50 परीक्षा केंद्रों पर इन परीक्षाओं का संचालन शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित रूप से सम्पन्न हुआ। उल्लेखनीय यह है कि विश्वविद्यालय ने यह परिणाम प्रायोगिक परीक्षाओं के समापन के मात्र एक सप्ताह के भीतर घोषित कर दिया है, जो विश्वविद्यालय की दक्षता, पारदर्शिता एवं तकनीकी प्रणाली की सुदृढ़ता को प्रमाणित करता है।

### 450 से ज्यादा स्थानों पर बनाए रजिस्ट्रेशन सेंटर

**जींद।** अखिल भारतीय अग्रवाल समाज हरियाणा द्वारा आगामी सात सितंबर को जींद के महाराजा अग्रसेन स्कूल में उत्तर भारत का ऐतिहासिक विवाह योग्य अग्रवाल युवक व युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया जा रजा है। अखिल भारतीय अग्रवाल समाज हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष डा. राजकुमार गोयल ने बताया कि इस परिचय सम्मेलन को लेकर पूरे उत्तर भारत में नेटवर्क तैयार किया गया है। उत्तर भारत में कुल 450 से ज्यादा स्थानों पर रजिस्ट्रेशन सेंटर बनाए गए हैं। परिचय सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य विवाह योग्य अग्रवाल युवक व युवतियों का परिचय करवाना, समाज में रिश्तों के संजाल को मजबूत करना, सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना और नई पीढ़ी को एक मजबूत वैवाहिक मंच उपलब्ध करवाना है। गोयल ने बताया कि सम्मेलन के सफल आयोजन के लिए पूरे उत्तर भारत में एक बड़ा नेटवर्क तैयार किया गया है। जहां हरियाणा में करीबन 300 स्थानों पर रजिस्ट्रेशन सेंटर बनाए गए हैं वहीं उत्तर भारत के अन्य राज्यों में 150 से ज्यादा स्थानों पर ये सेंटर बनाए गए हैं।



जींद। परिचय सम्मेलन की जानकारी देते प्रधान राजकुमार गोयल।



जींद। कार्यक्रम में भाग लेते बच्चे। फोटो :हरिभूमि

### तिरंगा दिवस मनाया

**जींद।** महात्मा गांधी शिक्षा एवं समाज विकास संगठन द्वारा तिरंगा दिवस पूरे उत्साह, श्रद्धा और देशभक्ति के साथ मनाया गया। संस्था के अध्यक्ष राजकुमार भोला के नेतृत्व में तिरंगा दिवस कार्यक्रम किया गया। जिसमें प्रशिक्षणार्थियों और पदाधिकारियों द्वारा पोशाकों पर पॉकेट तिरंगा झंडा लगा कर और हाथों में तिरंगा लेकर राष्ट्रप्रेम का संदेश दिया गया। राजकुमार भोला ने बताया कि कार्यक्रम के तहत संस्था द्वारा लगभग 250 पॉकेट तिरंगे विद्यार्थियों और आमजन को लगाए गए। यह अभियान अब 15 अगस्त तक निरंतर रूप से जारी रहेगा। जिससे नागरिकों में देशभक्ति और जागरूकता की भावना ओर अधिक मजबूत हो। राजकुमार भोला ने कहा 22 जुलाई 1947 को तिरंगे का जन्म हुआ। तिरंगा केवल एक झंडा नही बल्कि भारत की पहचान, गौरव और बलिदानों का प्रतीक है। इसकी शान को बनाए रखने के लिए न जाने कितने जवानों ने अपने प्राणों की आहुति दी है। हमारा फर्ज है कि हम तिरंगे का सम्मान करें और देश की एकता व अखंडता को बनाए रखें। तिरंगा हमारी आन-बान-शान है।

### केमिस्ट्री कोर्स सत्र का शुभारंभ

**नरवाना।** राजकीय महाविद्यालय में मंगलवार से केमिस्ट्री कोर्स सत्र 2025.26 से शुरू हो गया है। इसके लिए ऑनलाइन एडमिशन पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन 17 जुलाई से 28 जुलाई तक करवाया जा सकता है। 31 जूलाई को प्रवेश की पहली सूची जारी की जाएगी। 1 अगस्त से 4 अगस्त तक प्रथम सूची के विद्यार्थी प्रवेश ले सकते हैं। सह प्राध्यापक रसायन शास्त्र जयपाल सिंह आर्य ने कहा कि कालेज में एमएससी केमिस्ट्री के लिए शैक्षणिक एवं सहायक वर्ग के साथ पर्याप्त प्रयोगशालाएं एवं अन्य संरचनात्मक संसाधन उपलब्ध हैं। अतः एमएससी करने के इच्छुक प्रार्थियों को सूचित किया जाता है कि वह महाविद्यालय के रसायन शास्त्र विषय में प्रवेश लेने के लिए समय पर आवेदन करें। नरवाना के ग्रामीण क्षेत्र के अभिभावक एवं विद्यार्थियों की मांग पर पहली बार विज्ञान विषय में एमएससी कोर्स केमिस्ट्री के रूप में शुरू हो रहा है। नरवाना क्षेत्र के प्रबुद्धए कृतज्ञ एवं सज्जग नागरिकों से भी आह्वान किया जाता है कि वे इस कोर्स प्रवेश के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित करें।



नरवाना। कैमिस्ट्री रूम में बच्चे। फोटो :हरिभूमि



जींद। पत्रकारों से बातचीत करते संस्था के पदाधिकारी। फोटो :हरिभूमि

### जरूरतमंद की सेवा करना सेवा भारती का उद्देश्य : गुप्ता

**जींद।** सेवा भारती जींद के जिला अध्यक्ष सुशील कुमार गुप्ता ने कहा कि सेवा भारती संस्था राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की एक इकाई है। जो 1980 से पूरे भारत में समाजसेवा का कार्य कर रही है। उनकी संस्था का मुख्य प्रकल्प समाज के पिछड़े और जरूरतमंद लोगों की सेवा करना है और उन लोगों को समाज की मुख्यधारा में लाना है। सुशील गुप्ता शहर के अपोलो रोड स्थित सेवा भारती के फिजियोथैरेपी सेंटर पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सेवा भारती के चार आयाम चलते हैं। इसके माध्यम से जरूरतमंद लोगों को शिक्षा प्रदान करना है। इसके अलावा डिस्पेंसरी, अस्पताल और फिजियोथेरेपी सेंटर के माध्यम से जरूरतमंद लोगों का इलाज किया जाता है। लोगों में संस्कार और राष्ट्र भक्ति पैदा करने के उद्देश्य से भजन और कीर्तन के माध्यम से जागृति लाई जाती है। इसके अलावा जरूरतमंद लोगों को स्वावलंबी बनाने के लिए सेवा भारती अलग-अगल गतिविधियां करती हैं। इसमें मुख्य रूप से सिलाई केंद्र, मेहंदी लगाना, ब्यूटी पार्लर केंद्र, प्लंबर का काम सीखाकर, कंप्यूटर का प्रशिक्षण देकर अपने पैरों पर खड़ा करने में मदद करती है।



जींद। छात्रों को संबोधित कतरे पवनदीप। फोटो :हरिभूमि

### प्रेरणादायक सत्र का आयोजन

**जींद।** सुप्रीम स्कूल में प्रेरणादायक सत्र का आयोजन किया गया। जिसमें आचार्य पवनदीप ने बच्चों को परीक्षा में अच्छे अंक लाने के हुनर बताते कहा कि परीक्षा में आप अच्छे नंबर ला सकें, इसके लिए नियमित अभ्यास और नियमित आत्म परीक्षण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि अगर आप जो भी पढ़ते हैं, उसका रोज दोबारा अभ्यास करते हैं तो आप अपना मूल्यांकन कर सकते हैं कि आपने कितना सीखा। अगर आपको आज कोई पाठ समझने में कठिनाई होती है तो कल आप जाकर उसे अपने शिक्षकों या सहपाठियों की मदद से दोबारा समझ सकते हैं। आचार्य पवनदीप ने आगे कहा कि नियमित आत्म परीक्षण में अपने दिन भर जो भी पढ़ा है, आप उसके छोटे-छोटे नोट्स भी तैयार कर सकते हैं। जो आपको जल्द ही याद हो जाएंगे बिना किसी कठिनाई के और इन नोट्स से आप छोटे-छोटे प्रश्न तैयार करके अपनी समझ को भी जांच सकते हैं कि आपको उस विषय में कितना आता है और कितना नहीं। इस तरह लगातार रिवीजन करने से आपकी विषय की समझ गहरी रहेगी।

# देश की सुरक्षा व विकास के लिए प्रधानमंत्री मोदी जरूरी : कंडेला

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जींद



हरियाणा सहकारी श्रम व निर्माण प्रसंग के पूर्व अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ट नेता टेकराम कंडेला ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 11 वर्ष के कार्यकाल में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि किसान बीमा योजना, प्रधानमंत्री सड़क योजना, पांच लाख तक का सुरक्षा बीमा, 12 लाख तक के आयकर छूट जैसे सराहनीय निर्णय लिए हैं। जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक विकास पुरुष के रूप में देख रहे हैं। देश का रक्षा का बजट बढ़ा कर वह हमारी सेवा को आधुनिक हथियार उपलब्ध करवा कर देश की सारी सुरक्षा सीमाओं को सुरक्षित कर दिया है। जिससे हमारे देश के ऊपर किसी देश की हमला करने की हिम्मत नहीं रही है। पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारा देश सुरक्षित हाथों में है। कंडेला ने बिहार के चुनाव पर बोलते हुए कहा कि लोकसभा में जो इंडिया गठबंधन बना था , वह विधानसभा में पूरी तरह से टूट गया है। अब आने वाले चुनाव में एनडीए की सरकार बनेगी। जनता अब इनके इंडिया गठबंधन के बहकावे में आने वाली नही है। कंडेला ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि यह परिवारवाद व भ्रष्टाचार की पार्टी है। आने वाले चुनाव में इनका पूरी तरह से सफाया हो जाएगा। भारतीय जनता पार्टी दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी है। इस पार्टी में छोटा सा वर्कर भी किसी भी बड़े पद पर जा सकता है। प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी किसान, मजदूर गरीब की पूरी तरह से लोगों के बीच में रहकर दिनरात सेवा कर रहे हैं। आज हरियाणा प्रदेश का हर आदमी सीएम से संतुष्ट नजर आ रहा है। उन्होंने कहा कि हरियाणा के विपक्षी दलों की दुकानों पर ताला लग गया है। विपक्षी दलों के नेता बयानबाजी देकर लोगों को गुमराह करने की कोशिश कर रहे है।



जींद। प्रशिक्षण देते हुए। फोटो :हरिभूमि


### एक दिवसीय प्रशिक्षण

**जींद।** आम जनता की शिकायतों का त्वरित और प्रभावी समाधान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से राजस्व विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों को विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसी कड़ी में उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा के मार्गदर्शन में जींद जिले के राजस्व विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने हिसार स्थित हिपा (हरियाणा इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन) जिला ट्रैनिंग सैंटर में आयोजित एक दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लिया। इस प्रशिक्षण शिविर में विषय विशेषज्ञ सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी शिव प्रसाद शर्मा ने प्रशिक्षण सत्र का संचालन करते बताया कि इसका उद्देश्य विभागीय कार्यप्रणाली में पारदर्शिता लाना, जन शिकायतों का समयबद्ध निवारण सुनिश्चित करना और प्रशासनिक जवाबदेही को सशक्त करना है। सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी शिव प्रसाद शर्मा ने विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान समय में नागरिक डिजिटल माध्यमों के जरिये घर बैठे विभिन्न सेवाओं के लिए आवेदन कर सकते हैं। जिनका समाधान निर्धारित समय सीमा में किया जाना आवश्यक है।

## इलेक्ट्रीशियन, कोपा, फिटर, कॉस्मोलॉजी ट्रेड बनी छात्रों की पहली पसंद

# आईटीआई में तीसरी कट ऑफ लिस्ट जारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जींद



जींद। आईटीआई में दाखिला लेने आए छात्र। फोटो :हरिभूमि

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान आईटीआई जींद और राजकीय महिला आईटीआई जींद में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए प्रवेश प्रक्रिया जारी है। विभाग द्वारा जारी की गई तीसरी मेरिट सूची के अनुसार राजकीय आईटीआई जींद में 297 विद्यार्थियों और महिला आईटीआई में 13 विद्यार्थियों का चयन किया गया है। चयनित अभ्यर्थियों को 26 जुलाई तक दस्तावेज सत्यापन करवाना होगा। जबकि फीस जमा करने की अंतिम तिथि 27 जुलाई निर्धारित की गई है। संस्थान के प्रधानाचार्य नरेश कुमार ने जानकारी दी कि चयनित विद्यार्थियों को व्यक्तिगत रूप से मोबाइल संदेश और फोन कॉल्स के माध्यम से सूचित किया जा रहा है ताकि वे समय पर अपनी प्रवेश प्रक्रिया पूरी कर सकें। मेरिट सूची में चयनित छात्रों को दस्तावेज सत्यापन और समय पर फीस भुगतान कर दाखिले की पुष्टि करनी आवश्यक है। जिससे उनकी सीट सुरक्षित हो सके। अबतक राजकीय आईटीआई जींद में कुल 419 विद्यार्थियों का चयन किया जा चुका है। तीसरी मेरिट सूची ऐसे विद्यार्थियों के लिए जारी की गई है, जो पहले और दूसरे चरण में चयनित नहीं हो पाए थे। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि तीसरे चरण के बाद भी सीटें खाली रहती हैं तो विभाग द्वारा उनका शेड्यूल भी जल्द जारी किया जाएगा। छात्र दाखिले की प्रक्रिया को गंभीरता से लें और समय पर सभी कार्यवाही पूरी करें ताकि बाद में किसी प्रकार की असुविधा न हो। संस्थान की ओर से एक हैल्प डेस्क भी स्थापित की गई है। जहां प्रशिक्षित स्टाफ विद्यार्थियों की समस्याओं का समाधान कर रहा है। इलेक्ट्रीशियन, कोपा, फिटर, कॉस्मोलॉजी ट्रेड बनी छात्रों की पहली पसंद: इलेक्ट्रीशियन ट्रेड में अधिकतम मेरिट 100 प्रतिशत और न्यूनतम 71.6 प्रतिशत रही। कंप्यूटर ऑपरेटर एंड प्रोग्रामिंग असिस्टेंट (कोपा) में अधिकतम 95.2 प्रतिशत और न्यूनतम 61 प्रतिशत रही। फिटर ट्रेड में अधिकतम 105 प्रतिशत और न्यूनतम मेरिट 60.2 प्रतिशत रही। वहीं राजकीय महिला आईटीआई में कोपा ट्रेड में मेरिट 82 प्रतिशत, कॉस्मोलॉजी में 70.8 प्रतिशत, इलेक्ट्रॉनिक्स मैकेनिक में 68.6 प्रतिशत रही।



जींद। बीमार लोगों के खून के सैंपल लेती टीम। फोटो :हरिभूमि

### बत्तीस के लिए खून के सैंपल

**जींद।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा लोगों को बरसात के मौसम में होने वाली बीमारियों से बचाने के लिए शहर में नुक्कड़ बैठक कर लोगों को जागरूक करने का किया। सिविल सर्जन डा. सुमन कोहली के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य कर्मियों ने मंगलवार को कई कालोनियों में नुक्कड़ बैठक करने के अलावा झुग्गी, झोपडियों में घर-घर जाकर लोगों को मच्छरजनित रोगों तथा डायरिया, उल्टी दस्त जैसी बीमारियों से बचाव की जानकारी दी और घरों के कूलरों व पानी की टंकियों की जांच भी की। इस दौरान स्वास्थ्य कर्मियों ने ओआरएस, जिंक तथा क्लोरीन की गोलियां भी वितरित की। घर-घर किए सर्वे के दौरान बुखार से पीड़ित 32 मरीजों के खून के सैम्पल लेकर जांच के लिए लैब में भी भिजवाए। जागरूकता अभियान का निरीक्षण करने पहुंचे जिला स्वास्थ्य निरीक्षक राममेहर वर्मा ने बताया कि बरसात के मौसम में होने वाली बीमारियों के बचाव के लिए जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। स्वास्थ्य कर्मचारियों द्वारा चलाए जा रहे जागरूकता अभियान का परिणाम है कि जिला में डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया व डायरिया जैसे बीमारियों पर अंकुश लगा हुआ है।

## खबर संक्षेप

### सदियों से चली आ रही कोथली की परम्परा

**राजौंद।** प्रदेश में सदियों से चली आ रही है कोथली की परम्परा। सावन का मास शुरू होते ही हर किसी महिला को सबसे ज्यादा इंतजार अपने पीहर से आने वाले कोथली का होता है। प्राचीन काल से चली आ रही मान्यता के अनुसार शादी के बाद लड़की का पहला सावन अपने मायके पक्ष में बिताना आवश्यक होता है। पहले सावन में लड़की की कोथली भी ससुराल पक्ष द्वारा भेजी जाती है।

### भ्रूण हत्या जघन्य अपराध : डॉ. राजीव

**कलायत।** उपमंडल नागरिक अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजीव मित्तल ने कहा कि प्रसव पूर्व लिंग जांच और भ्रूण हत्या जघन्य अपराध हैं। इसमें संलिप्त पाए जाने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी। वे मंगलवार को ब्लॉक स्तरीय बैठक में बोल रहे थे। बैठक का उद्देश्य इलाके में गिरते लिंगानुपात में सुधार करना था। डॉ. मित्तल ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग इस दिशा में पूरी तरह सतर्क है। इसके सकारात्मक परिणाम भी सामने आए हैं।

### बरसात के लिए डीएवी स्कूल में किया हवन

**पूंडरी।** क्षेत्र में लंबे समय से वर्षा न होने के कारण डीएवी पब्लिक स्कूल पुंडरी के प्रांगण में विशेष हवन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस हवन यज्ञ में मुख्य यजमान के रूप में स्कूल की प्राचार्य साधना बक्शी व यज्ञ आचार्य श्री कृष्ण लाल ने वैदिक मंत्र उच्चारण द्वारा विद्यार्थियों के साथ हवन में आहुतियां अर्पित की।

### भाविप महिला सदस्यों ने मनाई हरियाली तीज

**पूंडरी।** भारत विकास परिषद फतेहपुर पुंडरी शाखा की महिला सदस्यों की और से तीज उत्सव कार्यक्रम झंडामल धर्मशाला पुंडरी में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत वंदे मातरम् और दीप प्रज्वलित करके की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला सहभागिता प्रमुख निधि मोहन ने और मंच संचालन इंदु शर्मा ने की। उसके बाद महिलाए ने बारी बारी आकर हरियाली तीज के बारे में सुंदर प्रस्तुति दी।

### प्रॉपर्टी की सील तोड़ने के आरोप में मामला दर्ज

**कैथल।** थाना सदर पुलिस कैथल ने एक बैंक द्वारा सील की गई प्रॉपर्टी में सील तोड़कर घुसने तथा सिक्योरिटी एजेंसी के गार्ड के साथ मारपीट करने के आरोप में एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। केनरा बैंक के शाखा प्रबंधक दीपक कुमार ने सदर पुलिस को दिए शिकायत में बताया कि बैंक द्वारा गांव ग्योंग में जोगीराम की प्रॉपर्टी को सील करते वहां पर ताला लगाते सिक्योरिटी एजेंसी का गार्ड तैनात किया था।

### दाखिला प्रक्रिया का शेड्यूल जारी

**कैथल।** आरकेएसडी महाविद्यालय कैथल में स्नात्तकोत्तर कक्षाओं में दाखिला प्रक्रिया का उच्चतर शिक्षा निदेशालय ने शेड्युल जारी कर दिया है। महाविद्यालय ने 8 स्नात्तकोत्तर कक्षाओं-अंग्रेजी, हिंदी, राजनीति शास्त्र, गणित, अर्थशास्त्र, वाणिज्य, पीजीडीसीए एवं पीजीडी योग में दाखिला प्रकिया पहले ही आरम्भ हो चुकी है।

### वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया

**पूंडरी।** गांव बरसाना स्थित शिव मंदिर में एक किरण उम्मीद की फाउंडेशन की महिला सदस्यों की ओर से वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गांव की मातृशक्ति ने बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई और पर्यावरण सरंक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दर्शाई।

### सीईटी की परीक्षा को लेकर धारा 163 लागू

**कैथल।** 26 व 27 जुलाई को सीईटी की परीक्षा है। जिलाधीश प्रीति ने इस परीक्षा को नकल रहित एवं शांति पूर्ण ढंग से संपन्न करवाने के उद्देश्य से जिला में स्थित परीक्षा केंद्रों की 200 मीटर की परिधि में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत पांच या इससे अधिक व्यक्तियों के एकत्रित होने और हथियार आदि ले जाने पर पूर्ण रूप से पाबंदी के आदेश जारी किए।

---

### होगा भगवान शिव का जलाभिषेक

# शिवरात्रि पर्व को लेकर कैथल शिवमय सड़कों पर बम-बम भोले का जयघोष

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

शिवरात्रि पर्व को लेकर पूरा जिला शिवमय हो गया है। पर्व की पूर्व संध्या पर जिलेभर की सड़कों पर पर बम बम भोले का जयघोष करते कांवडिये ही कांवडिये नजर आए हैं। पर्व को लेकर शिव मंदिरों को पूरी तरह से सजाया गया है। शहर के श्री ग्यारह रुद्री शिव मंदिर, प्राचीन अंबकेश्वर मंदिर, हनुमान वाटिका स्थित शिव मंदिर, पार्क रोड स्थित प्राचीन शिव मंदिर और शिव शक्ति धाम में कांवड़ियों का आवागमन शुरू हो गया है। शिवरात्रि की पूर्व संध्या पर ढांड रोड पर कांवड़ियों की भीड़ जुटी। इस मार्ग पर देर रात तक कांवड़ियों का आवागमन जारी रहा। यहां से कांवडिये डाक, झूला और पैदल कावड़ लेकर पहुंचे और अपने गंतव्य की ओर से रवाना हो गए। उधर, खडालवा का शिव मंदिर, कलायत का ग्यारह रुद्री, बाबा रूढपुरी शिव मंदिर, कपिल मुनि मंदिर परिसर सभी में बड़ी संख्या में कांवडिए पहुंच चुके हैं। इंतजार केवल डाक कांवड़ का है। मंदिर के पुजारी पंडित गोपाल ने बताया की पहले मुहुर्त में कांवड लेकर आने वालों का भोले बाबा का जलाभिषेक आरंभ हो जाएगा।



कैथल। कांवड लेकर आते शिवभक्त। फोटो : हरिभूमि

#### शिवरात्रि पर शिव की आराधना के लिए शुभ मुहूर्त

हनुमान वाटिका के पुजारी पंडित विशाल शांडिल्य ने बताया की सावन शिवरात्रि तिथि की शुरुआत 23 जुलाई को सुबह चार बजकर 39 मिनट पर शुरू होगी और इसका समापन 24 जुलाई को अर्धरात्रि में दो बजकर 24 मिनट पर होगा। जलाभिषेक के लिए पहला मुहूर्त सुबह चार बजकर 15 मिनट से लेकर सुबह 4 बजकर 56 मिनट तक रहेगा। और दूसरा मुहूर्त सुबह 8 बजकर 32 मिनट से लेकर सुबह 10 बजकर 02 मिनट तक रहेगा।

#### पूजा विधि

शांडिल्य ने बताया कि सावन शिवरात्रि के दिन सुबह स्नान आदि से निवृत्त होकर पीले या सफेद रंग के वस्त्र धारण करें। इसके बाद पूजा स्थल की साफ-सफाई करके वहां भोलेनाथ, मां पार्वती, गणेश जी, भगवान कार्तिकेय तथा नंदी की प्रतिमा स्थापित करें। इसके बाद शिव परिवार को पंचामृत से स्नान कराकर बेलपत्र, फूल, फल, मिष्ठान, इत्र आदि अर्पित करें। सावन शिवरात्रि का व्रत करने वाले लोगों को शिव पुराण और शिवाष्टक का पाठ जरूर करना चाहिए। पूजा के बाद शिव आरती गाएं।

#### बन रहे दुर्लभ संयोग

ढांड रोड स्थित शिव शक्ति धाम मंदिर के पुजारी पंडित प्रेमशंकर शास्त्री ने बताया कि ने बताया की इस बार सावन शिवरात्रि बेहद खास रहने वाली है। इस बार शिवरात्रि पर कई शुभ और दुर्लभ राजयोग बन रहे हैं। बनने वाले सुखद संयोगों में मालव्य योग, गजकेसरी योग, नवपंचम योग और बुधादित्य योग के अलावा इस दिन सर्वार्थ सिद्धि योग भी बन रहा है।



कैथल। भगवान शिव के भजनों पर झूमते कलाकार। फोटो : हरिभूमि

#### सावन में डाक विभाग की शिव भक्तों को सौगात



संजय सोनी, पोस्ट मास्टर कैथल

**कैथल।** डाक विभाग ने सावन माह में शिव भक्तों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए एक विशेष पहल शुरू की है। अब श्रद्धालु घर बैठे गंगाजल प्राप्त कर भगवान शंकर का अभिषेक कर सकते हैं। कैथल डाकघर के पोस्ट मास्टर संजय सोनी ने बताया कि प्रदेश के हर डाकघर में 250 ग्राम की गंगाजल की बोतल मात्र 30 रुपये में उपलब्ध कराई जा रही है। इस योजना का उद्देश्य उन श्रद्धालुओं को सुविधा प्रदान करना है जो किसी कारणवश हरिद्वार या गंगोत्री जाकर गंगाजल नहीं ला सकते। पोस्ट मास्टर ने बताया कि गंगाजल की आपूर्ति डाक विभाग के माध्यम से सुनिश्चित की गई है और इसकी शुद्धता व पवित्रता का विशेष ध्यान रखा गया है। डाक विभाग का यह प्रयास विशेषकर सावन के पवित्र माह में शिवभक्तों के लिए बेहद उपयोगी साबित हो रहा है। गंगाजल की बोतलें जिले के हर डाकघर में उपलब्ध हैं, इसलिए लोग समय रहते अपने नजदीकी डाकघर से इसे प्राप्त कर सकते हैं। सोनी ने कहा कि डाक विभाग द्वारा समय-समय पर धार्मिक और सामाजिक दृष्टिकोण से कई योजनाएं चलाई जाती हैं और गंगाजल वितरण भी उसी का हिस्सा है। इस पहल से न केवल भक्तों को सुविधा होगी बल्कि धार्मिक आस्था को और बल मिलेगा। श्रद्धालुओं ने भी इस सेवा का स्वागत किया है

---



पूंडरी। पीएम श्री स्कूल में मिडे मिल का निरीक्षण करते हुए विधायक सतपाल जांबा।

# मिड-डे मील व्यवस्था को सुधारने के दिए आदेश

- विधायक जांबा ने किया पीएम श्री सीनियर सेकेंडरी स्कूल का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭पूंडरी

हल्का विधायक सतपाल जांबा ने पीएम श्री सीनियर सेकेंडरी स्कूल पूंडरी का दौरा कर वहां मिड-डे मील योजना के तहत बनाए जा रहे भोजन की व्यवस्था का निरीक्षण किया। उन्होंने बच्चों को दिए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता और पोषण तत्वों की जांच की तथा मौके पर मौजूद रसोई कर्मचारियों और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।निरीक्षण के दौरान विधायक जांबा ने मिड-डे मील तैयार कर रहे वर्करों को स्पष्ट रूप से कहा कि वे भोजन बनाने में साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें। बच्चों को दिए जाने वाले खाने की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं होना चाहिए। विधायक ने यह भी निर्देश दिए कि सरकारी गाइडलाइन के अनुसार बच्चों को विविध और पोषक रेसिपी दी जाए, जिससे उन्हें स्वाद के साथ-साथ आवश्यक पोषण भी प्राप्त हो सके। उन्होंने भोजन में सरसों के तेल का प्रयोग करने पर बल देते हुए कहा कि सरसों का तेल रिफाइंड तेल की तुलना में अधिक स्वास्थ्यवर्धक होता है, इसलिए स्कूलों को इसे प्राथमिकता देनी चाहिए।

#### ये रहे मौजूद

निरीक्षण के दौरान खंड शिक्षा अधिकारी को भी निर्देशित किया गया कि वे क्षेत्र के सभी स्कूलों में मिड-डे मील की व्यवस्था की नियमित जांच करें और सुनिश्चित करें कि बच्चों को साफ, संतुलित और ताजा भोजन मिले। इस अवसर पर नगरपालिका चेयरपर्सन प्रतिनिधि राकेश गोस्वामी, भाजपा मंडल अध्यक्ष मनोज राणा, बलबीर गोलन, अमित सैनी, बलविंदर, महिला निजी सचिव अरुण गुलाटी, दीपक नंद, राजयोग हर्ष सेठी और प्रताप राणा भी मौजूद रहे।

---

# सरकार विरोधी जमकर नारेबाजी

- खाद लेने में किसानों को हो रही परेशानी पर जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ढांड

आल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन के जिलाध्यक्ष कामरेड राजकुमार सारसा और जिला सचिव कामरेड कृष्ण चंद ने प्रदेश सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा है कि किसानों को यूरिया और अन्य खाद लेने में भारी दिक्कतें आ रही हैं, जिसका मुख्य कारण सरकार की बदइंतजामी है। ढांड कार्यालय में संगठन की बैठक के बाद दोनों नेताओं ने बयान जारी कर कहा कि यह स्थिति कोई नई नहीं है। हर वर्ष किसानों को खाद के लिए घंटों लंबी लाइन में लगना पड़ता है, यहां तक कि कई बार थानों में भी किसानों को खाद लेने के लिए धक्के खाने पड़ते हैं। नेताओं ने आरोप लगाया कि जब से खाद, बीज और कीटनाशक का वितरण निजी कंपनियों के हाथों में गया है, तब से स्थिति और ज्यादा खराब हो गई है। निजी कंपनियों का मकसद केवल मुनाफाखोरी है। ये कंपनियां जानबूझकर बाजार में खाद की कमी दिखाकर कालाबाजारी करती हैं। केंद्र और राज्य सरकारें इन पर कोई नियंत्रण नहीं रखतीं, जिसकी वजह से किसानों को ब्लैक में महंगे दामों पर खाद खरीदने के लिए मजबूर होना पड़ता है। उन्होंने कहा कि यदि समय पर फसलों में खाद और दवाइयां नहीं मिलेंगी, तो किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ेगा। आल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन की मांग है कि खाद, बीज और कीटनाशक की आपूर्ति सरकार अपने नियंत्रण में ले और सहकारी समितियों के माध्यम से किसानों को समय पर उचित मूल्य पर उपलब्ध करवाए।




ढांड। नारेबाजी कर रोष जताते आल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन के सदस्य।

---

# हत्या के मामले में दो आरोपित गिरफ्तार

- आरोपी चीका निवासी मोनी खान व लालू खान को काबू कर लिया

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

पुरानी रंजिश के चलते चीका में वर्ष 2024 दौरान हत्या करने के मामले की जांच स्पेशल डिटेक्टिव युनिट के एसआई मुकेश कुमार की टीम द्वारा करते हुए आरोपी चीका निवासी मोनी खान व लालू खान को काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि चीका क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक विजय की शिकायत अनुसार वह इस समय पूंडरी क्षेत्र के एक गांव में रहता है। वे दो भाई हैं। उसका बड़ा भाई अजय मार्च 2022 में उनके पुराने गांव की एक विवाहिता को लेकर गांव से चला गया था। इसके बाद से ही विवाहिता का परिवार उनके परिवार को बदला लेने और जान से मारने की धमकी देता रहता था। इस रंजिश के डर से उसके पिता रणधीर परिवार सहित उसके मामा के गांव में रहने लगे । विजय लड़ाई झगड़े के पुराने केस में पीओ घोषित होने के कारण 16 मार्च 2024 से कैथल जेल में बंद था। इसलिए उसके पिता 30 मार्च को गुहला अदालत में गांव के कुछ लोगों को लेकर उसकी जमानत करवाने के लिए गए थे। उसकी जमानत मंजूर होने के बाद जेल के बाहर उसके परिवार के सदस्य व रिश्तेदार उसे कार में लेने के लिए आए हुए थे।



हत्या मामले के दोनो आरोपी स्पेशल डिटेक्टिव युनिट पुलिस गिरफ्त में।

#### पुरानी रंजिश के चलते हमला

वह शाम को सवा सात बजे वह जेल से बाहर निकला तो उसके मामा ने बताया कि गुहला अदालत से वापस आते समय करीब 4.30 बजे रास्ते में उसके पिता व उनके साथ दो अन्य लोगों को किसी ने गंभीर चोटें मार दी हैं। वे उनको एंबुलेंस से कैथल अस्पताल लेकर आ रहे हैं। इस बात का पता चलते ही वह अपने मामा के साथ करनाल बाईपास चौक कैथल पर पहुंच गया। कुछ देर बाद एंबुलेंस भी चौक पर पहुंच गई। वह मामा के साथ एंबुलेंस में बैठ गए। इस दौरान उसके पिता ने उसे बताया कि जब वे अदालत गुहला से उसकी जमानत करवाकर अपनी कार से कैथल आ रहे थे। इस दौरान साढ़े चार बजे के करीब माता बनभौरी मंदिर चीका के पास एक लाल रंग के ट्रैक्टर-ट्रॉली के चालक जसपाल ने ट्रैक्टर ट्रॉली सड़क पर खड़ी कर उनका रास्ता रोक लिया। जसपाल उस व्यक्ति का भाई है, जिसकी पत्नी उसके भाई के साथ चली गई थी। उसी समय पीछे से आई एक सफेद रंग की गाड़ी ने उनकी कार को पीछे से टक्कर मार दी। उस गाड़ी से निर्मल, संजू, विजय उर्फ बकरा, राजेंद्र उर्फ सेंटी व 4/5 लड़के हाथों में डंडे, गंडासी व हथौड़ा लेकर उतरे। आरोपियों ने उसके पिता की कार पर पुरानी रंजिश के चलते हमला कर दिया। आरोपियों ने उसके पिता की कार के शीशे तोड़कर उसके पिता व साथ गए गांव के दो अन्य लोगों को जान से मारने की नीयत से गंभीर चोटें मारी।

---

# अग्रोहा मेडिकल कॉलेज में हुआ महिला का मेडिकल

- स्थिति सामान्य होने पर अस्पताल से हुई छुट्टी

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

सीवन थाना में महिला से थर्ड डिग्री टॉर्चर आरोप मामले में चंडीगढ़ पीजीआई प्रशासन की ओर से महिला ममता का स्वास्थ्य परीक्षण करने से मना करने के बाद अब उसका स्वास्थ्य परीक्षण हिसार के अग्रोहा मेडिकल कॉलेज से हो गया है। हालांकि अभी स्वास्थ्य परीक्षण की रिपोर्ट को अभी जारी नहीं किया है। वहीं, मंगलवार को महिला को जिला नागरिक अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। बताया जा रहा अब महिला का स्वास्थ्य सामान्य है, ऐसे में छुट्टी दी गई। इस मामले में कैथल एसपी ने तीन जुलाई को पीजीआई चंडीगढ़ को स्वास्थ्य परीक्षा करवाने के निवेदन का पत्र लिखा था। इसके बाद चंडीगढ़ पीजीआई प्रशासन राज्य सरकार के मामले में दखल न देने का हवाला देकर परीक्षण करने से मना कर दिया था। इसके बाद हिसार के अग्रोहा मेडिकल कॉलेज से परीक्षण करवाया गया है। जब यह मामला अनुसूचित जाति आयोग के समक्ष पहुंचा था तो आयोग ने संज्ञान लेते संबंधित अधिकारियों से एक सप्ताह में रिपोर्ट भी मांगी थी। इसमें करनाल एडीजीपी कार्यालय से फैक्ट फाइंडिंग रिपोर्ट, रोहतक पीजीआई की एक कमेटी बनाने, सीवन में निजी डॉक्टर को आयोग में उपस्थित होने व पुलिस को तलब किया था।

#### रिपोर्ट सामान्य होने का हवाला दे की छुट्टी

महिला ममता के भतीजे सचिन ने बताया कि उनकी चाची ममता को जिला नागरिक अस्पताल के प्रबंधन ने रिपोर्ट सामान्य होने का हवाला देकर सोमवार को ममता की छुट्टी कर दी है। पिछले करीब 23 दिन से ममता जिला नागरिक अस्पताल में दाखिल थी। स्थानीय अस्पताल की ओर से किए गए स्वास्थ्य परीक्षण ममता को नौ जगह चोट के निशान आए थे। अभी जो दोबारा से स्वास्थ्य परीक्षण किया गया है। इसमें उनके साथ न तो टीम ने रिपोर्ट साझा की है और न ही अस्पताल प्रबंधन ने।

#### एसआइटी को ही पूरी जानकारी

इस मामले में सिविल सर्जन डॉ. रेनू चावला ने बताया कि महिला ममता का मेडिकल इस मामले में जांच कर रही करनाल एसआइटी ने हिसार के अग्रोहा मेडिकल कॉलेज से करवाया गया है, लेकिन इसमें रिपोर्ट क्या रही। इस बारे में एसआइटी को ही पूरी जानकारी है। बताया गया है कि अभी तक रिपोर्ट जारी नहीं की गई है। वहीं, महिला का मेडिकल होने के बाद उसे अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है।

#### अब तक यह रही है मामले की टाइम लाइन

- ⏭26 जून को सीवन क्षेत्र से एक युवती लापता हुई।
- ⏭27 जून को पुलिस ने युवती के अपहरण का केस दर्ज किया।
- ⏭29 जून को महिला पर युवती को भगाने के आरोप में जांच शामिल किया।
- ⏭29 जून को ही ममता ने सीवन थाने में पुलिस कर्मियों की ओर से थर्ड डिग्री टॉर्चर करने का आरोप लगाया। इसी दिन वह अस्पताल में दाखिल हुई।
- ⏭30 जून को सीवन के कई राजनैतिक और दलित संगठन के लोग ममता में पक्ष में आए और डीसी व एसपी से मुलाकात की।
- ⏭एक जुलाई को पुलिस ने महिला ममता बयान दर्ज किए।
- ⏭दो जुलाई को तीन पुलिसकर्मियों के खिलाफ सीवन थाना में केस दर्ज किया गया।

---

# किसान प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭कलायत

गांव कमालपुर में कृषि विभाग कलायत की ओर से कपास की फसल पर एकदिवसीय किसान प्रशिक्षण शिविर का किया आयोजन कपास की फसल में पोषक तत्व व किट प्रबंधन को लेकर जानकारी किसानों तक पहुंचाने के लिए कृषि विभाग द्वारा उप कृषि निदेशक डा. बाबू लाल जी व एसएडीओ डा. सतीश नारा के दिशा-निर्देशानुसार और खण्ड कृषि अधिकारी डॉ. विजय मान डा. नरेश नैन कलायत की अध्यक्षता में किसान प्रशिक्षण शिविर आयोजन किया गया। इयमे असिस्टेंट टेक्नोलॉजी मैनेजर रमेश समध्यान द्वारा कपास फसल में पोषक तत्वों व कीट प्रबंधन के बारे जानकारी देते बताया की किसान भाई बिना कीटो के आर्थिक कगार पर पहुँचे कीटनाशकों का सप्रे ना करें। इस समय अगेती कपास की फसल में फ़ुल लगना आरम्भ हो चुके है तो किसानभाई पोटैशियम नाइट्रेट (13:0:45) 0.1% का 10 दिन के अंतराल पर 2-3 बार प्रति एकड़ छिड़काव करें । किसान भाई एक तिहाई यूरिया खाद मात्रा फ़ुल डोडी बनने तक और एक तिहाई फ़ुल से टिंडे बनने तक डाले । अगर बिजाई के समय फास्फोरस और पोटास ना डाल पाये हो तो किसान भाई एनपीके 19:19:19 का स्प्रे करें ।



कलायत। किसानों को जानकारी देते विज्ञानी। फोटो : हरिभूमि

---

### नगर परिषद चेयरपर्सन सुरभि गर्ग ने किया चिल्ड्रन पार्क का निरीक्षण

# दो दिन के अंदर टूटे झूले ठीक करने के निर्देश

- चिल्ड्रन झील की सफाई के लिए लगाया 50 लाख रुपये का टेंडर

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

नगर परिषद चेयरपर्सन सुरभि गर्ग ने सोमवार को चिल्ड्रन पार्क का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पार्क में सैर करने वाले लोगों की समस्याएं सुनते हुए उनका समाधान किया। पार्क में घूमने के लिए आई महिलाओं ने चेयरपर्सन सुरभि गर्ग को बताया कि शौचालयों में सफाई कम होती है,पानी की भी कमी है। चेयरपर्सन ने मौके पर ही नगर परिषद के एक्सईएन को निर्देश दिए कि शौचालयों की देखरेख के लिए अलग से कर्मचारी नियुक्त किया जाए। नियमित रूप से सफाई करवाई जाए। अगर दोबारा कोई शिकायत मिलती है तो कार्रवाई की जाएगी।



कैथल। नप चेयरपर्सन सुरभि गर्ग पार्क का निरीक्षण करते हुए। फोटो : हरिभूमि

#### नप की तरफ से टोल फ्री नंबर जारी


और डोर टू डोर कचरा उठान के लिए टोल फ्री नंबर 18008911863 बाकी सेवाओं के लिए भी लोगों के लिए नप की तरफ से टोल फ्री नंबर जारी किया जाएगा। इसके बाद लोग अपनी शिकायत यहां रख सकते हैं। सुरभि गर्ग ने बताया कि स्वच्छता सर्वेक्षण की परीक्षा में कम नंबर हैं, इसमें जो कमियां रही हैं, उसे दूर किया जाएगा। इसका बड़ा कारण शौचालयों की सफाई ना होना और स्वच्छता से संबंधित प्रमाण पत्र अपलोड ना होना भी रहा है। इस कमी को दूर करते अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि भविष्य में इस प्रकार की कोई कमी नहीं रहनी चाहिए।

#### गोवंशी को पकड़ने के लिए चलाया अभियान

नप चेयरपर्सन ने बताया कि नप की तरफ से बेसहारा पशुओं को पकड़ कर गोशाला में छोड़ा जा रहा है।जल्द ही शहर को बेसहारा पशु मुक्त कर दिया जाएगा। जींद रोड पर छह एकड़ में नई गोशाला बनाई गई है। इसमें बेहतर सुविधाएं हैं। गोवंश को सड़कों से हटाने का कार्य नियमित रूप से चलाने के निर्देश दिए गए हैं।

---

### निशांत देव ने रचा इतिहास, प्रोफेशनल बॉक्सिंग में जीत की लगाई हैट्रिक



**पूंडरी।** उत्तर रेलवे, दिल्ली डिवीजन के डिप्टी सी.टी.आई. निशांत देव ने खेल जगत में नया इतिहास रचते भारत का नाम रोशन किया है। प्रोफेशनल बॉक्सिंग में निशांत देव ने जीत की हैट्रिक दर्ज की। सांसद नवीन जिंदल के पीएसओ व निशांत देव के चाचा जसबीर सिंह बताया कि निशांत देव ने इससे पहले 2024 ओलंपिक में क्वार्टर फाइनल तक का सफर तय किया और देश के लिए एक गोल्ड और सिल्वर मेडल भी जीतकर गौरव बढ़ाया। 2023 की एशियन चैंपियनशिप और 2021 वर्ल्ड चैंपियनशिप में भी शानदार प्रदर्शन करते दोनों में क्वार्टर फाइनल तक का मुकाम हासिल किया था।

**GOVT. SR. SEC. SCHOOL KASAN (2268)**
BLOCK RAJOUND, DISTT. KAITHAL
Dise Code: 06050501602 DDO code- 817 E-Mail:ghskasan@gmail.com

**प्रेस नोट**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि जिला शिक्षा अधिकारी कैथल के आदेश क्रं memo No:-G-2/2025/310 दिनांक 23.05.2025 के अनुसार इस स्कूल रा. व. मा. विद्यालय कसान (2268) जिला कैथल के तीन नकारा कमरों की बोली स्कूल स्तर पर विभाग के नियमानुसार दिनांक 29.07.2025 दिन मंगलवार को की जाएगी। जिसकी सिक्योरिटी राशि दस हजार रूपये रखी गई है। बोली के नियम व अन्य शर्तें मौके पर बता दी जाएंगी। सभी बोली दाता निर्धारित तिथि को सुबह 9:30 बजे स्कूल कार्यालय में पहुंचें।

हस्ता/-प्रिंसिपल, गवर्मेंट सीनियर सैकेंडरी स्कूल,
कसान (2268) कैथल

## खबर संक्षेप

### मोनिका रानी ने संभाला नगराधीश का पदभार



**जींद।** वर्ष 2023 बैच की एचसीएस अधिकारी मोनिका रानी ने जींद नगराधीश का पदभार संभाल लिया है। बता दें कि हाल ही में उनका तबादला शहरी निकाय के संयुक्त निदेशक के पद से जींद नगराधीश के पद पर हुआ है।

### बिजली कर्मियों ने मांगों को लेकर दिया धरना

**जींद।** आल हरियाणा पॉवर कार्पोरेशन वर्कर यूनियन की सब यूनिट नंबर 2 जींद ने उपमंडल अधिकारी द्वारा गलत तरीके से किए गए ऑफिस ऑर्डर के संदीप लाठर व सोनू दांगी ने कहा कि एसडीओ नंबर 2 के आर्डर सरासर गलत है। एसडीओ ने क्लेरिकल सीटों पर टेक्निकल स्टाफ बैठा रखा है। जबकि फील्ड में स्टाफ की भारी कमी है। सब स्टेशन में पीने के पानी व कई महीने से किसी भी कर्मचारी को कोई सेफ्टी टूल किट नहीं दी गई है।

### बच्चों को डेंगू से बचाव के लिए किया जागरूक

**नरवाना।** डॉ देवेन्द्र बिंदलिश के नेतृत्व में मंगलवार को रावमावि नरवाना में डेंगू की जानकारी के बारे कैम्प आयोजित किया। जिसमें स्वास्थ्य विभाग टीम ने कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नरवाना में डेंगू होने से बचाव की जानकारी देते हुए कहा कि डेंगू के लारवा व मच्छरों को पनपने से रोके। अपने आसपास पानी न खड़ा होने दें, साफ सफाई रखें व सप्ताह में एक दिन सभी बच्चें ड्राई डे मनाए।

### सूट चोरी मामले में दो महिला आरोपी गिरफ्तार

**कैथल।** कलायत में कपड़े की दुकान से सूट चोरी के मामले में हांसी की सुनीता व कविता को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। प्रवक्ता प्रवीन श्योकंद ने बताया कि कलायत निवासी अनिल की शिकायत अनुसार उसकी पत्नी कलायत में कॉस्मेटिक व कपड़े की दुकान चलाती है। 31 मार्च की दोपहर अज्ञात द्वारा उनकी दुकान से करीब 30 सुट चोर कर लिए गए। जिस पर यह कार्रवाई की है।

### ब्लैकमेल कर युवती से दुष्कर्म, मामला दर्ज

**कैथल।** राजौंद थाना के एक गांव में 19 वर्षीय युवती से दुष्कर्म करने के आरोप पड़ोसी युवक के खिलाफ केस दर्ज किया है। आरोपी युवती को ब्लैकमेल कर कई बार दुष्कर्म कर चुका था। 14 व 15 जुलाई की रात को भी आरोपी ने ऐसे ही किया। युवती ने परेशान होकर परिजनों को बताया तथा फिर मामले की शिकायत पुलिस को दी। पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### सड़क के दोनों और खड़ी झाड़ियां, हादसों का डर

**राजौंद।** नगर के असंध कैथल मार्ग पर सड़क के दोनों और खड़ी झाड़ियां लोगों के लिए दुर्घटना का कारण बन रही है। कई जगह पर तो यह झाड़ियां सड़क की और बिल्कुल झुक कर खड़ी है। जिससे वाहन चालक व पैदल चलने वाले राहगीर काफी परेशान हो चुके है। इससे वाहन चालकों व पैदल यात्रियों को हादसे का डर रहता है।

---

सील की पालना न करने पर उठे सवाल

# बाहर लगी थी नपा की सील, दीवार फांदकर अंदर घुस गए दो कर्मचारी

नगर परिषद द्वारा सील किए गए प्रतिष्ठान में दो कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई करने से कन्नी काट रहे अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुहला चीका



**गुहला चीका।** गुहला चीका सील किए गए गेट के अंदर मौजूद कर्मी बात करते हुए, दीवार फांदकर अंदर बैठे कर्मचारी व मौके का निरीक्षण करते हुए जे.ई. खुशी राम।

चीका, गुहला नगर पालिका क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित एक व्यापारिक प्रतिष्ठान को प्रशासन द्वारा सील कर दिया गया है। नगर पालिका सचिव जितेंद्र शर्मा ने जानकारी दी कि संबंधित व्यक्ति ने इस स्थल पर व्यापार शुरू करने से पहले न तो आवश्यक सीएलयू (चेंज ऑफ लैंड यूज़) की अनुमति व एनओसी नहीं ली थी। जिस पर नपा ने अधिनियम 1973 के तहत की गई। शिकायतकर्ता राजपाल ने इस अवैध गतिविधि की लिखित शिकायत नपा को दी। जिसके बाद संबंधित प्रतिष्ठान को सील कर दिया गया। नगर पालिका की टीम ने मौके पर जाकर प्रतिष्ठान को सील कर वहां एक स्पष्ट चेतावनी नोटिस भी चिपकाया। इसमें आम जनता को सूचित किया गया कि यह प्रतिष्ठान अवैध है और इसे नियमों के उल्लंघन के चलते सील किया गया है, ताकि कोई भी व्यक्ति इस बात से गुमराह न हो। लेकिन इस कार्रवाई के मात्र चार दिन बाद ही प्रतिष्ठान के मालिक विकास कुमार द्वारा खुलेआम नियमों की अवहेलना करते हुए दो व्यक्तियों को सील किए गए प्रतिष्ठान में घुसा दिया गया। बताया गया कि इन व्यक्तियों को प्रतिष्ठान की दीवार फांदकर अंदर भेजा गया, जहां पर सोल्टेक्स मशीनरी चालू कर दी गई थी। जब आसपास के लोगों ने मशीनों की आवाज और उड़ती धूल देखी, तो उन्होंने तत्काल इसकी सूचना शिकायतकर्ता राजपाल को दी। इस पूरे घटनाक्रम से नगर पालिका प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल उठते हैं।

### अधिकारियों पर मिलीभगत के लग रहे आरोप

मौके पर पहुंचे नगरपालिका के जे.ई. खुशी राम ने मौके पर पहुंच कर किसी भी प्रकार की कार्रवाई करने में असमर्थता जताई, जबकि जो यूनिट नगरपालिका द्वारा सील किया जा चुका है, उसमें कोई भी हरकत होती है तो वह सरासर आदेशों का उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि मौके पर डायल-/"112 भी बुलाई गई, लेकिन कोई शिकायत दर्ज न करवाना दर्शाता है कि नगरपालिका अधिकारी संबंधित यूनिट मालिक से मिले हुए हैं।

### पुलिस या ड्यूटी मजिस्ट्रेट से करें शिकायत

जब इस विषय में नगर पालिका सचिव जितेंद्र शर्मा से कार्यालय में जाकर बात की गई, तो उन्होंने भी कहा कि इस मामले में अब नगर पालिका कोई कार्रवाई नहीं कर सकती। कार्यबाही न कर देना सुरु कर दिया सुझाव दिया कि इस मामले की शिकायत पुलिस या ड्यूटी मजिस्ट्रेट से करे।

### पुलिस को नपा की शिकायत का इंतजार

डायल 112 से मौके पर पहुंचे पुलिस अधिकारियों ने भी असमर्थता जताई और कहा कि अगर नपा शिकायत देगी तभी कार्रवाई कर सकते हैं। यह उनका अधिकार क्षेत्र में नहीं है। पूरे घटनाक्रम की वीडियो बनाकर एसडीम परमेश सिंह व नपा सचिव जितेंद्र कुमार को भी वीडियो भेजकर जानकारी दी गई।

### फर्जी बिलों से करोड़ों के भ्रष्टाचार का आरोप

शिकायतकर्ता राज्यपाल ने प्रतिष्ठा के मालिक पर कुछ साल पहले भी धान घोटाला के आरोप लगाए हैं। राइस मिल के नाम से एक व्यक्ति का है। जिसने अनाज मंडी चीका के 80 से 85 आढ़तियों के नाम फर्जी बिल काटकर 9 से 10 करोड रुपए का धान घोटाला कर सरकार को चूना लगाया था जिसका पूरा भुगतान मंडी के आढ़तियों द्वारा करना पड़ा था और जेल की हवा भी खानी पड़ी थी। बताया जा रहा है कि विकास कुमार के द्वारा अलग-अलग तीन फर्म बनाई हुई हैं और अलग-अलग जीएसटी नंबर लिए हुए हैं।

---



**जींद।** रोष जताते हुए किसान नेता। फोटो : हरिभूमि

# संयुक्त किसान मोर्चे के धरने का 1190वां दिन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नरवाना

- मांगों को लेकर तहसील कार्यालय में चल रहा धरना।

तहसील कार्यालय में किसान मोर्चे का धरना मास्टर बलबीर सिंह राज्य अध्यक्ष अखिल भारतीय किसान सभा हरियाणा के नेतृत्व में आज 1190 वें दिन भी जारी रहा जिस की अध्यक्षता बलदेव सिंह ढाकल ने की और मंच संचालन महेंद्र सिंह धर्मगढ़ ने किया। मंच सांझा करते हुए मास्टर बलबीर सिंह राज्य अध्यक्ष अखिल भारतीय किसान सभा हरियाणा ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि बीते एक माह पहले दबलैन, सच्चा खेड़ाए दनौदा के किसानों ने धान की रोपाई के लिए बीज की खरीद कीए इसके पश्चात प्यौद तैयार करके जब उसकी खेत में रोपाई की गई तो एक माह के बाद भी उसमें कोई बढ़ोतरी नहीं हुई। जिसकी शिकायत किसानों ने कृषि विभाग को भी दी ए परन्तु कृषि विभाग ने भी हाथ खड़े कर दिए। विभाग ने बताया कि यह बीज के कारण जनित समस्या हैएजिसका कोई इलाज नहीं है। फसल की बढ़ोतरी में रुकावट के चलते किसानों को खड़ी फसल को नष्ट करना पड़ रहा हैएजिसके चलते किसानों को भारी आर्थिक बोझ झेलना पड़ा है। दबलैन के किसानों ने बताया कि वायर कंपनी के बीज को उन्होंने लगाया था। किसान सभा प्रशासन से मांग करती है कि प्राईवेट कंपनी के बीजों की जांच की जाए व नकली बीज बनाने वाली कंपनियों का लाइसेंस रद्द किया जाए। जिन किसानों की फसल बर्बाद हुई है उन्हें जांच करके उचित मुआवजा दिया जाए व उनके नुकसान की भरपाई की जाए। बीज सरकारी एजेंसियों के माध्यम से की जाए। कार्यक्रम में बलबीर सिंह, मास्टर चांद, मास्टर बलजीत सिंह माण्डी, रामधारी ढाकल, सुरजन मांगेराम, सतबीर खरल, शीशपाल गुलाडी, हवा सिंहए फतेह सिंहए बलवंत सिंह, सतबीर फौजी, साधुराम, दिनेश, जसवंत, इंद्र सिंह चंद्र भान, डॉक्टर बलवंत सिंह रत्न सिंह बदन सिंह फतेह सिंह मौजूद रहे।

---

# भाजपा सरकार हर मोर्चे पर विफल रही: विकास सिहाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद



विकास सिहाग।

- जजपा का बढ़ रहा कारवां, युवा जुड़कर पार्टी को दे रहे मजबूती

युवा जेजेपी के पूर्व प्रदेश महासचिव विकास सिहाग ने कहा कि भाजपा सरकार हर मोर्चे पर विफल रही है। युवाओं को रोजगार नही मिल रहा है। जनता को सुरक्षित महसूस नही कर रही है। आमजन महंगाई से तंग है। गरीबों का निवाला छीना जा रहा है। भाजपा केवल लोगों को बरगलाने का काम कर रही है। सरकार कि खिलाफ आवाज उठाने पर ईडी तथा सीबीआई का भय दिखाया जाता है। विकास सिहाग ने कहा कि प्रदेश के हालात बेहद ज्यादा खराब हो गए हैं। उन्होंने कहा कि हर रोज फायरिंग, मर्डर फिरौती की वारदातें सामने आ रही है। लोग खुद को पूरी तरह असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार हर मोर्चे पर जनता के खिलाफ नजर आ रही है। भाजपा अपने चुनावी वादों को पूरा करने की बजाय सरसों के तेल व बिजली दामों में बढ़ोत्तरी, सरकारी भर्तियां रद्द करने, युवाओं और कर्मचारियों की आवाज दबाने कार्य कर रही है। भाजपा सरकार केवल लोगों को परेशान करने में ही जुटी हुई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के हालात भी सब के सामने हैं। विपक्ष में होने के बाद भी अबतक अपना नेता नही चुन पाई है। उन्होंने कहा कि जेजेपी हर वर्ग को साथ लेकर फिल्ड मे जनता की आवाज बन रही है। जजपा सुर्पीमो दुष्यंत चौटाला तथा युवा जजपा प्रदेशाध्यक्ष दिग्विजय चौटाला की बढ़ती लोकप्रियता विपक्षी दलों को हजम नही हो रही है। युवा लगातार जजपा से जुड़ कर पार्टी को मजबूत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जजपा ही एक मात्र ऐसी पार्टी है, जो आमजन तथा हर वर्ग की उम्मीदों पर खरा उतरती है।

---

# पौधरोपण से ही पर्यावरण होगा शुद्ध: रामअवतार

- पेड़-पौधों का मनुष्य स्वास्थ्य के साथ-साथ औषधियों में भी महत्वपूर्ण योगदान : ज्योति
- कार्यक्रम में छात्राओं को पौधे रोपित करने व उनकी देखभाल करने की दिलाई शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद



**जींद।** माता चन्नन देवी आर्य कन्या गुरूकुल में पौधरोपण करते हुए।

माता चन्नन देवी आर्य कन्या गुरूकुल में हमारा परिवार पिल्लूखेड़ा ईकाई द्वारा मंगलवार को पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के तौर पर पिल्लूखेड़ा थाना प्रभारी रामअवतार रहे। जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता संरक्षक दीपक कौशिक, ओम सिंह, प्रिंसिपल ज्योति ने की। कार्यक्रम में छात्राओं को पर्यावरण की महत्ता से भी अवगत करवाया गया और प्रत्येक छात्रा को पौधे रोपित करने व उनकी देखभाल करने के लिए प्रेरित करते हुए शपथ दिलाई गई। पिल्लूखेड़ा थाना प्रभारी रामअवतार ने स्पष्ट किया कि पौधा लगाने से काम समाप्त नही हो जाता है। जब तक पौधा पेड़ का रूप नहीं ले लेता, तब तक उसकी देखभाल जरूरी है। पौधा रोपण करके ही पर्यावरण को शुद्ध बनाया जा सकता है, इसलिए सभी को चाहिए कि वह पौधारोपण करके पर्यावरण को शुद्ध बनाने में योगदान दें। पेड़- पौधे लगाने से अपने आसपास के वातावरण को शुद्ध ही नहीं बल्कि सुंदर भी बनाया जा सकता है।

### सांस लेने में भी परेशानी

संरक्षक दीपक कौशिक, ओम सिंह ने कहा कि आज पर्यावरण प्रदूषण बढ़ता जा रहा है, जिसके चलते हर वर्ग के लोगों को सांस लेने में परेशानी हो रही है। प्रत्येक व्यक्ति को चाहिए कि वह एक-एक पौधा अवश्य लगाएं ताकि पर्यावरण को प्रदूषित होने से बचाया जा सके। प्राचार्या ज्योति छिब्बर ने कहा कि पेड़ कार्बन डाइऑक्साइड सोख कर ऑक्सीजन छोड़ते हैं, जिससे वायु प्रदूषण कम होता है। साथ ही पेड़ मिट्टी में जल धारण करने में मदद करते हैं और भूजल स्तर बढ़ाते हैं और मिट्टी के कटाव को रोकते हैं। पौधारोपण न केवल पर्यावरण के लिए बल्कि मानव जीवन और भविष्य की पीढ़ियों के लिए भी अनिवार्य है। पेड़ पौधे उस हवा को बेहतर बनाते हैं, जिसमे हम सांस लेते हैं। इसलिए पेड़-पौधों का हमारे जीवन में एक महत्वपूर्ण योगदान है।

---



## शिवरात्रि पर्व को लेकर तैयारियां पूरी

**राजौंद।** शिवरात्रि पर्व को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई है। इस दिन श्रद्धालु जल अभिषेक करके घर की सुख समृद्धि की कामना करेंगे। दुर्गा मंदिर कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र भनोट ने बताया कि शिवरात्रि का पर्व नगर के सभी मंदिरों में धूम धाम के साथ मनाया जाएगा। इस दिन हरिद्वार से गंगा जल लेकर आने वाला शिव भक्तों को जल चढ़ाने के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। पुजारी ने बताया कि श्रावण मास में भगवान शंकर को खुश करने के लिए प्रतिदिन शिवलिंग पर ऊ नमः शिवाय के मंत्र से बेल पत्र, पुष्प, दूध, दही, चावल व गंगा जल सहित अभिषेक करने से मन-वाछित फल की प्राप्ति होती है। उन्होंने कहा कि हरिद्वार से कावड़ लेकर आने वाले शिव भगतों के अलावा अन्य श्रद्धालु भी इस दिन जल अभिषेक कर सकते है। सावन के पूरे माह में प्रतिदिन जला अभिषेक करने का भी विशेष महत्व है। इसलिए प्रत्येक श्रद्धालु को सावन के महीने में भगवान शिव की पूजा करनी चाहिए।

---

# न्यू प्रगति स्कूल में मनाई शिवरात्रि

- प्राचार्या लाजवंती ढिल्लो की अध्यक्षता में कार्यक्रम।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अलेवा



**अलेवा।** डाहौला के न्यू प्रगति स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लेते स्टाफ सदस्य व विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

डाहौला के न्यू प्रगति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में शिवरात्रि की पूर्व संध्या पर मंगलवार को एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राचार्या लाजवंती ढिल्लों ने अध्यक्षता की। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने भगवान शिव व माता पार्वती की झांकी निकालते हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। जिसमें विद्यालय के बच्चों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। प्राचार्या द्वारा विद्यार्थियों को भगवान शिव की महिमा की विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए कहा कि शिव रात्रि के दिन कावड़ यात्रा का समापन होता है। शिव भक्त श्रद्वालु कावड़ यात्रा के दौरान हरिद्वार से पवित्र गंगा नदी से जल भरकर लाते हैं। शिव रात्रि के दिन गंगाजल से भगवान शिव का अभिषेक कर परिक्रमा को निभाते हैं। शिवरात्रि पर श्रद्धालु शिवरात्रि का व्रत भी रखने के साथ इसका पालन करते हुए मंदिरों में जाकर भोले बाबा को जल चढ़ाते हैं।

---

# एसजी कालेज: बीएड का परीक्षा परिणाम शानदार

- प्रथम वर्ष में वंदना एवं द्वितीय वर्ष में रितू ने प्राप्त किया पहला स्थान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जुलाना



वंदना



रितू

एसजी कालेज ऑफ एजुकेशन जुलाना का बीएड का प्रथम व द्वितीय वर्ष का परीक्षा परिणाम शानदार रहा। प्रथम वर्ष वंदना ने व सेकेंड ईयर में रितू प्रथम स्थान पर रही। डायरेक्टर बलवान सिंह मलिक ने बताया कि वंदना ने 700 में से 575 व रितू ने 570 अंकों के साथ पहला स्थान पाया। 561 अंक लेकर यशिका तीसरे स्थान पर रही। बीएंड के द्वितीय वर्ष में 611 अंक लेकर रितू ने पहले, 591 अंक लेकर ज्योति दूसरे, 590 अंक ने लेकर सरोज व काजल संयुक्त रूप से तीसरा स्थान पर रही। बलवान सिंह मलिक ने कहा कि बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले भावी अध्यापकों को कार्यक्रम आयोजित कर सम्मानित किया जाएगा। पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी संस्थान का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है।

---

निरीक्षण करने आई टीम अपने आंकलन के अनुसार देगी नंबर

# एनक्यूएएस ने जांची अस्पताल में व्यवस्थाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद



**जींद।** जांच करते हुए टीम।

नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडड्र्स (एनक्यूएएस) की स्टेट टीम मंगलवार को जिला अस्पताल पहुंची। टीम ने आईसीयू, वार्ड, फीमेल वार्ड, इमरजेंसी वार्ड समेत अन्य सभी वार्डों की व्यवस्था को परखा तथा जिला अस्पताल प्रबंधन को गाइड किया। नागरिक अस्पताल में मरीजों को मिलने वाली सुविधओं के लिए निदेशालय द्वारा बनाए गए प्वायंट्स को जांचा तथा रिपोर्ट तैयार की। टीम की रिपोर्ट के आधार पर जांच के बाद अंक दिए जाते हैं। जिसके आधार पर स्वास्थ्य सुविधा के लिए अस्पताल को राशि उपलब्ध कराई जाती है। इस दौरान टीम की ओर से जो भी खामियां बताई जा रही हैं उसे अस्पताल प्रबंधन सुधार कार्य करेगा। हालांकि टीम ने अपने प्वायंटस के बारे में कुछ भी बताने से मना कर दिया और जिला स्वास्थ्य अधिकारियों को स्वास्थ्य व्यवस्था को मेनटेन करने के निर्देश दिए।

### सार्थक टीम आज से तीन दिन करेगी निरीक्षण

एनएचएम मिशन निदेशक के निर्देशानुसार 23 से 26 जुलाई तक नागरिक अस्पताल में सार्थक टीम निरीक्षण करेगी। इसके लिए सभी प्रवर चिकित्सा अधिकारी, सभी चिकित्सा अधिकारी, सभी पैरामेडिकल स्टाफ, सभी कर्मचारियों को अपनी डयूटी पर रहने के आदेश जारी किए गए हैं। किसी भी अधिकारी का अवकाश स्वीकृत नही किया जाएगा। सभी विभाग प्रभारियों को सफाई व्यवस्था रखने के निर्देश जारी किए गए हैं।

### स्टाफ को दिए गए थे निर्देश

एनक्यूएएस की टीम में कुरूक्षेत्र से डा. गुरप्रीत, डा. प्रदीप, डा. विकास, डा. रमनदीप) ने इमरजेंसी, ओटी, गायिनी व ओपीडी के साथ विभिन्न स्थानों व सफाई का निरीक्षण किया। अगर यह टीम यहां मिलने वाली सुविधाओं से संतुष्ट होती है तो आने वाले समय में अस्पताल को केंद्र से भी लाभ मिलना तय है। हालांकि अस्पताल प्रबंधन ने टीम दौरे को लेकर पहले ही तैयारी कर ली थी। रेफरल सेवा, इमरजेंसी सेवा, वार्ड व दवाओं को लेकर मरीजों को मिल रही सुविधाओं को दुरूस्त किया गया था।

### आज आएगी सार्थक टीम: डा. भोला

डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने बताया कि जिला अस्पताल की सुविधाओं को बेहतर और गुणवत्तापूर्ण बनाने के लिए एनक्यूएएस टीम ने विजिट की है। टीम के मानकों के अनुरूप ही अस्पताल काम कर रहा है। लगातार अस्पताल में सुविधाएं बढ़ाने को लेकर कई काम किए जा रहे हैं। क्वालिटी सर्टिफिकेट के लिए एनक्यूएएस में अस्पताल को 70 फीसदी से ज्यादा अंक लाने होंगे। बुधवार को सार्थक टीम भी जींद अस्पताल का निरीक्षण करेगी।

---

# जल बचाओ: खापड़ में दिए नोटिस

- पेयजल नलों पर टेप लगाने के लिए ग्रामीणों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद



**जींद।** पेयजल कनेक्शन जांचते हुए टीम। फोटो : हरिभूमि

जन स्वास्थ्य, ग्राम जल एवं सीवरेज समिति के सदस्यों ने मंगलवार को गांव खापड़ में जल संरक्षण अभियान चलाया व ग्रामीणों को नोटिस दिए। जिला सलाहकार डा. रणधीर मताना ने बताया कि उचाना ब्लॉक के सभी गांव में खंड सम्यक कुशल शर्मा द्वारा जल संरक्षण अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें गांव खापड़ में टीम ने विजिट की। विजिट से गांव में खुले चल रहे नल, जिनके ऊपर बंद करने के टैप नही हैं या एक से ज्यादा कनेक्शन उपभोक्ताओं हों, उन्हें एक हफ्ते का नोटिस देकर अपने कनेक्शन को टैप युक्त करने को कहा गया। दो कनेक्शन से एक कनेक्ट करने के बारे में जागरूक किया और एक हफ्ते के पश्चात अगर वह ऐसा नहीं करवाए तो कार्रवाई होगी। ग्रामीणों ने गांव में पानी की बर्बादी को रोकने में अपना योगदान देने का वादा किया। पेयजल समस्या के समाधान के लिए विभाग के टोल फ्री नंबर 18001805678 से अवगत करवाया गया।